कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 311, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 07 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और राज्यों की आर्थिक नाकाबंदी पर चर्चा की मांग

## संसद सत्र: सरकार को घेरेगा विपक्ष



नई दिल्लीः बुधवार यानी सात दिसंबर से होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में रक्षा मंत्री और भाजपा सांसद राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सरकार का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने किया। इस बैठक में दोनों सदनों को सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार के समक्ष कई मांगें उठाईं।

**विपक्ष के नेताओं ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग कीः** बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सिर्फ एक दिन में करने, ईडब्ल्यूएस कोटा और बेरोजगारी पर चर्चा की मांग की। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और राज्यों की आर्थिक नाकाबंदी पर चर्चा की मांग की। ओ'ब्रायन ने सरकार से यह भी कहा कि विपक्ष को अहम मुद्दे उठाने की इजाजत दी जानी चाहिए।

**हम हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयारः प्रह्लाद जोशीः** वहीं सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, विपक्ष की ओर से कुछ सुझाव आए हैं। स्पीकर और चेयरमैन की अनुमति के बाद चर्चा होगी। 47 पार्टियों में से 31 पार्टियों ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

**अधीर रंजन चौधरी ने दी प्रतिक्रियाः** बैठक के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हमने सरकार को कहा है कि जैसे हिंदू, मुस्लिम के त्योहार होते हैं वैसे ईसाई लोगों का भी त्योहार होता है। यह बात ईसाई लोगों के त्योहार के समय ध्यान रखनी जरूरी है। उनकी जनसंख्या कम है लेकिन यह बात हमें सोचनी चाहिए। हम सत्र को छोटा, बंद कर त्योहर मनाने के लिए नहीं कह रहे बल्कि सरकार को इसके बारे में सोचने के लिए कह रहे। सरकार 24-25 विषयों पर चर्चा कराना चाहती है जिसके लिए समय नहीं, क्योंकि यह सत्र 17 दिन का है।

### जनसंख्या नियंत्रण विधेयक पर की गई चर्चा

**वहीं** शिंदे सरकार ने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक पर विचार करने की बात कही और कहा कि जनसंख्या भारत जैसे देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। वहीं बैठक में वाईएसआर कांग्रेस ने मूल्य वृद्धि का मुद्दा उठाया, खासकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने की जरूरत को।

नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर कार्रवाई की मांग

बैठक में शिरोमणि अकाली दल का प्रतिनिधित्व करने वाली हरसिमरत कौर बादल ने मांग की कि पंजाब के बाहर हो रहे अपराध के खिलाफ कार्रवाई की जाए और नशीले पदार्थों की आपूर्ति और खपत में वृद्धि पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी चर्चा हो। बादल ने मांग की कि समिति किसी नतीजे पर पहुंचे और केंद्र सरकार के वादे के मुताबिक किसानों को एमएसपी मुहैया कराए।

**बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक की मांग कीः** बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की आवश्यकता को उठाया। कई अन्य दलों ने इसका समर्थन किया। साथ ही कहा कि कॉलेजियम प्रणाली जैसे मुद्दों पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। बीजेडी ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए, इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा की मांग की।

## बीजेपी दफ्तर से गुजरते हुए राहुल ने दी फ्लाइंग किस



**झालावाड़ः मंगलवार** को राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा दिन है। झालावाड़ के खेल संकुल से सुबह करीब छह बजे शुरू हुई यात्रा ने करीब दस किलोमीटर का सफर पूरा कर लंच ब्रेक लिया है। यात्रा झालावाड़ जिले के देवरी घाटा में है। इस दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि गुजरात चुनाव ने बीजेपी ने सारी हदें पार कर दी। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दिन पीएम मोदी क रोड शो में बीजेपी ने प्रचार किया। इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा के सुबह के शेड्यूल में राहुल गांधी और यात्री राजस्थान के सांस्कृतिक रंगों के साथ घुलते-मिलते नजर आए। यात्रा जब जिला भाजपा कार्यालय के सामने से निकली तो राहुल का रिएक्शन देखकर सभी मुस्करा दिए। दरअसल, बीजेपी ऑफिस पर भी कई लोग यात्रा को देखने के लिए सुबह से ही जमे हुए थे।

### विवादास्पद पोस्टर, भगवा कपड़ों में नजर आए बाबा साहेब

कुंभकोणमः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरा देश संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर देश के लिए उनके योगदान को याद कर रहा है। वहीं, तमिलनाडु के कुंभकोणम में बाबासाहेब की पुण्यतिथि पर इंदु मक्कल काची द्वारा उनके ऐसे पोस्टर चस्पा किए गए हैं, जिनपर विवाद हो सकता है। हालांकि इंदु मक्कल काची के संस्थापक अर्जुन संपत ने इन पोस्टर को लेकर कहा कि आंबेडकर एक राष्ट्रीय नेता हैं।

## अनुपूरक बजट पर सीएम योगी ने दिया जवाब



**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य के विकास के लिए बड़े विजन की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ 37 वर्ष बाद किसी सरकार को लगातार दो बार चुना है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। निवेश, शहरीकरण और रोजगार सृजन सरकार की कार्ययोजना की प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार हो सके, इसके लिए प्रदेश में बड़े और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आज पूरी दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को उत्सुक है। आज हर तबके को बिना भेदभाव मिल रहे शासन की योजनाओं के लाभ का ही परिणाम है कि हर व्यक्ति सरकार के प्रयासों को सफल करने में अपना योगदान करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी के संबोधन के बाद सभी प्रस्ताव पास कर लिए गए और विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने आने वाले समय के लिए अपनी प्राथमिकताएं भी बताईं। विकास के लिए शहरीकरण को महत्वपूर्ण आयाम बताते हुए कहा कि इसीलिए अनुपूरक बजट में नए शहरों के विकास के लिए 4,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं यूपी को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एक अहम कदम के रूप में 10-12 फरवरी 2023 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। यही नहीं, आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के महत्वपूर्ण देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहे हैं ।

## धैर्य की परीक्षा न ले कर्नाटकः शरद पवार



**मुंबईः** महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच चल रहा सीमा विवाद अब गहराता जा रहा है। मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी के बागेवाड़ी में प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक रक्षण वेदिके के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के ट्रकों पर पथराव किया। जिसको लेकर अब एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कर्नाटक के सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र के धैर्य की परीक्षा न लें। शरद पवार ने कहा, सीमा विवाद को लेकर सीएम शिंदे ने कर्नाटक के सीएम बोम्मई से भी बात की। इसके बावजूद, उन्होंने इस मुद्दे पर कोई नरमी नहीं दिखाई है। आगे कहा कि किसी को भी महाराष्ट्र धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए और इसका हल जल्द निकलना चाहिए ताकि कुछ गलत दिशा में न जाए। आगे उन्होंने कहा कि सीएम शिंदे को कोई भी फैसला लेने से पहले सभी पार्टियों को विश्वास में लेना चाहिए। संसद सत्र शुरू होने वाला है।

## 'अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क का बना रहना चिंता का विषय'



**नई दिल्ली। भारत प**हली बार कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में अफगानिस्तान में उभरती सुरक्षा स्थिति और उस देश से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई। इसके अलावा मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी पर भी चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने की। ठरअ डोभाल ने इस दौरान अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क का बना रहना चिंता का विषय है। वित्त पोषण आतंकवाद की जीवनदायिनी है और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करना हम सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल संस्थाओं को सहायता प्रदान करने से बचना चाहिए। डोभाल ने कहा कि अफगानिस्तान हम सबके लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। तत्काल प्राथमिकताओं और आगे के रास्ते के संबंध में भारत की चिंताएं और इस जुड़े उद्देश्य हम सभी के लिए समान हैं।

मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी भारत के लिए प्रमुख प्राथमिकताः एनएसए डोभाल ने कहा कि मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी भारत के लिए प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है।


हम इस क्षेत्र में सहयोग, निवेश और कनेक्टिविटी बनाने के लिए तैयार हैं। कनेक्टिविटी का विस्तार करते समय यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि पहल परामर्शी, पारदर्शी और सहभागी हों।

## अधिकारियों के सहयोग न करने के दिल्ली सरकार का आरोप झूठाः केंद्र



**नई दिल्लीः केंद्र सरकार** ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के राष्ट्रीय राजधानी में नीतियों और परियोजनाओं के कार्यान्वयन में अधिकारियों के सहयोग न करने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा है कि उन्हें गलत साबित करने के लिए सिसोदिया को ऐसी घटनाओं का विवरण पेश करना चाहिए। इससे पहले सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में नौकरशाह आम आदमी पार्टी की सरकार के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं और राष्ट्रीय राजधानी में चुनी हुई सरकार की नीतियों और परियोजनाओं के कार्यान्वयन को पंगु बना दिया गया है। अपने हलफनामे में सिसोदिया के दावे को खारिज करते हुए, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि अधिकारियों के सहयोग न करने को लेकर सिसोदिया द्वारा किए गए ।

## राष्ट्रपति ने नौसेना के नए झंडे और डिजाइन को दी मंजूरी



**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय नौसेना के नए झंडे और इंडियन नेवी क्रेस्ट की नई डिजाइन को मंजूरी दे दी है, जिसका अनावरण रविवार (04 दिसंबर 2022) को नौसेना दिवस पर विशाखापत्तनम में किया गया। औपनिवेशिक काल से जुड़ी चीजों से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया और राष्ट्रीय प्रयास के अनुरूप नौसेना पताका को नई डिजाइन में बदला गया है। साथ ही नौसेना के ध्वज को नया रूप दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो सितंबर 2022 को आईएनएस विक्रांत को इंडियन नेवी के बेड़े में शामिल किया था। इसके साथ ही नौसेना की नई पताका का अनावरण करके औपनिवेशिक काल के प्रतीक से छुटकारा दिलाया था। नौसेना के नए झंडे में सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा दिया गया है। नई पताका को सफेद पृष्ठभूमि पर लाल क्षैतिज और लंबवत रेखाओं को जुड़वा सीमाओं के साथ एक नीले अष्टकोण के साथ नया रूप दिया गया है। वहीं, नई पताका के ऊपरी हिस्से में बाईं ओर राष्ट्रीय ध्वज को अपरिवर्ति रखा गया है।

छह सितंबर 2017 को अपनाई गई थी पूर्ववर्ती डिजाइनः भारतीय नौसेना के लिए प्रेसिडेंट्स स्टैंडर्ड एंड कलर की पूर्ववर्ती डिजाइन छह सितंबर 2017 को अपनाई गई थी। जिसके केंद्र में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर लाल बैंड शामिल थे और उनके इंटरसेक्शन पर राष्ट्रीय प्रतीक था। राष्ट्रीय ध्वज ऊपरी बाएं कैंटन में था और एक गोल्डन एलिफेंट फ्लाई साइड पर निचले दाएं कैंटन में था। यह डिजाइन तत्कालीन नौसेना इनसाइन से प्रेरित थी। बता दें, वर्ष 1950 के बाद अब तक चार बार भारतीय नौसेना का चिन्ह बदला जा चुका है। 26 जनवरी 1950 पहले गणतंत्र दिवस के अवसर पर नौसेना का झंडा भारत के अनुरूप बदला गया था।

### अनुराग ठाकुर ने रवाना की पहली ड्रोन यात्रा

**चेन्नईः** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को चेन्नई स्थित अग्नि कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के गरुड़ एयरोस्पेस में पहला ड्रोन कौशल और प्रशिक्षण सम्मेलन शुरू किया. साथ ही पहली ड्रोन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चेन्नई में वर्चुअल ड्रोन यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान दूर-दराज के इलाकों में दवा और वैक्सीन पहुंचाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि आज भारतीय क्रिकेट में ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है।

## भूमि संरक्षण के लक्ष्य को पूरा करने में कई देश पिछड़े, एशिया की सबसे खराब स्थिति



**नई दिल्लीः जैव विविधता को** लेकर जारी की गई एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया के अधिकांश देश 2020 तक कम से कम 17 प्रतिशत भूमि संरक्षित करने के वैश्विक लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहे हैं। यह रिपोर्ट 40 देशों से सामने आए आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्तमान स्थिति को देखकर कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क के 2030 के लक्ष्य को इस स्थिति में पूरा नहीं किया जा सकता, जिसमें कम से कम 30 प्रतिशत भूमि को संरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया था। बता दें, 2010 में जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में करीब 200 देशों ने अपने देश की कम से कम 17 प्रतिशत भूमि को संरक्षित करने का संकल्प लिया था।

**40 प्रतिशत देश ही पूरा कर पाए टारगेटः** ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार रिपार्ट में संरक्षित क्षेत्रों प्रस्तुत आधिकारिक रिपोर्टों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया गया। कम्युनिकेशंस बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 40 प्रतिशत एशियाई देशों ने 17 प्रतिशत भूमि संरक्षण के लक्ष्य को हासिल किया है।

**एशिया का सबसे खराब प्रदर्शनः** रिपोर्ट में कहा गया है विश्व में एशिया सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला महाद्वीप था, जिसमें केवल 13.2 प्रतिशत भूमि को संरक्षित किया गया, जो वैश्विक औसत 15.2 प्रतिशत संरक्षण की तुलना में कम है। एशियाई देशों में केवल 40 प्रतिशत यानी 16 देशों ने इस लक्ष्य को हासिल किया 2020 तक 17 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा किया था।

## अब आईसीएमआर की वेबसाइट का हैकर्स का हमला



**नई दिल्लीः** भारत के इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च संस्थान की वेबसाइट पर साइबर हमला होने की खबर है। बताया जा रहा है कि हैकर्स ने एक दिन में ही करीब छह हजार बार साइबर अटैक का प्रयास किया है। साइबर अटैक का प्रयास 30 नवंबर को किया गया था। बता दें कि देश में अब लगातार साइबर अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। अभी हाल ही में दिल्ली एम्स के सर्वर पर भी साइबर अटैक किया गया था। सर्वर ठप होने के कारण कई दिनों तक सभी काम मैनुअल किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएमआर की वेबसाइट पर हमला हांगकांग स्थित एक ब्लैक लिस्टेड आईपी एड्रेस के जरिए किया गया था। हालांकि, आईसीएमआर के सर्वर की फायरवॉल में कोई सुरक्षा खामी नहीं थी, जिससे हैकर्स मरीज की जानकारी प्राप्त करने में विफल रहे। अगर फायरवॉल में कुछ खामियां होतीं ।

# कैश जमा करने आये बैंक कर्मी से 3.50 लाख की लूट,बाईक सवार थे दोनों लुटेरे

## एसपी यमुनापार समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचकर की जांच-पड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मंगलवार की सुबह 10 बजकर दो सेकेंड पर करछना थाना के साधुकुटी चौराहे से महज 50 मीटर की दूरी पर करछना-रामपुर मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की करछना शाखा में 03 लाख 50 हजार रुपया बोलेरो से जमा करने पहुँचे उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से रेडियंट सीएमएस अजित कुमार पांडेय निवासी भुंडा,करछना जैसे ही ड्राईवर गेट खोलकर बैग कंधे पर टांगे तभी दो बाईक सवार युवक पहुँचे और कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गये।

जिससे हक्का बक्का रह गये अजित की कुछ देर तक आवाज तक नही निकली।जब उंन्होने पास खड़े बैंक कर्मियों व अन्य लोगो से घटना के बारे में बताया तब तक लुटेरे बैग लेकर नौ दो ग्यारह हो गये।जिसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एसपी क्राइम सतीश चंद्र, एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित,सीओ करछना अजित सिंह चौहान,प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह,एसओजी प्रभारी राजेश उपाध्याय व यमुनापार प्रभारी रणजीत सिंह मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल में लग गये।वायरलैस से सूचना होने पर जगह जगह सम्बंधित थानों व चौकियों पर चेकिंग लगाया गया किंतु नतीजा जीरो रहा।जंहा देर शाम तक जुटे सीओ अजित सिंह चौहान व प्रभारी निरीक्षक करछना विश्वजीत सिंह समेत पुलिस टीम जगह जगह दूकानों पर लगाये गये। दुकानदारों द्वारा सीसीटीवी कैमरों को खँगाला गया।जिसमे नकाबपोश दो युवक बाईक से बैग लिये देखे गये।जिनकी पहचान नही हो सकी। पीड़ित अजित कुमार पांडेय की तहरीर पर अज्ञात में करछना थाने में लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।




## डीएपी खाद न मिलने से किसान हैरान परेशान

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के विभिन्न साधन सहकारी समितियों में काफी लंबी लाइन लग रही डीएपी खाद पहुंचने की सूचना पर सुबह से ही आसपास के गांवों से लोग बड़ी संख्या में किसान समिति परिसर में पहुंच जाते हैं लेकिन डीएपी उर्वरक खाद सहकारी समितियों में नही मिल पा रही हर कोई एक एक बोरी खाद के लिए परेशान दिखाई दे रहा है। लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है बुवाई का सीजन होने के कारण क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर डीएपी के लिए किसान चक्कर काट रहे हैं डिमांड के सापेक्ष आपूर्ति नहीं होने से किसान परेशान हैं। किसानों ने पर्याप्त मात्रा में सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है और कहा कि इस समय बुआई का सीजन चल रहा है किसानों को खाद की सख्त जरूरत है लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसान एक-एक बोरी खाद के लिए मारामारी करके लाइन में लगे हुए है और लाइन में लगने पर भी खाद नहीं मिल रही।



# डीसीपीसी के प्रतिनिधि मंडल ने नवागंतुक आईजी से की मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति के उपाध्यक्ष आरएस वर्मा एवं सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवागंतुक आईजी चंद्रप्रकाश से मुलाकात की और जिला अपराध निरोधक समिति (डीसीपीसी) द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने यातायात जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव, महिला सशक्तिकरण, माघ मेला के दौरान पूर्व की भांति शांति सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के सहयोग कार्यों की जानकारी दी।

पुलिस महानिरीक्षक ने समिति को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कार्यों की सराहना की। इसके पश्चात डीसीपीसी के पदाधिकारियों ने पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) अतुल कुमार यादव से मुलाकात की और साइबर अपराध के संबंध में समिति द्वारा चलाए जारहे जागरुकता कार्यक्रमों से अवगत कराया। पुलिस उपाधीक्षक अतुल कुमार यादव ने प्रतिनिधि मंडल का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में कुलदीपधर, शोएब आलम, दीपक तिवारी, अशोक सिंह, प्रशांत सिंह, विशाल श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, संदीप सोनी, प्रियंका परासर एवं सपना गिहार आदि मौजूद रहीं।



# फूलपुर में दिवंगत सभासदों की याद में बनी स्मृति दीवार

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को दिवंगत सभासदों की याद में बनी स्मृति दीवार का अनावरण किया गया। दिवंगत सभासद पवन केसरी व मोहम्मद शमीम हवाईदार के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भाजपा नेता सुरेश चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि नगर पंचायत के दिवंगत सभासद पवन केसरी व मोहम्मद शमीम हवाईदार का स्वभाव समाज के हित में कार्य करने वाला था। उन्होने कहा कि शरीर दिवंगत होने पर भी व्यक्ति अपने नेक कार्यों की बदौलत स्मरणीय रहता है। स्मृति दीवार स्थापना के संयोजक राय साहब ने कहा कि नगर पंचायत के ऐसे सभासदों के तैलचित्रों दीवार पर लगाया जा रहा है जिन्होंने अपना कार्यकाल पूर्ण नही किया और असमय उनका निधन हो गया। इस दौरान दीवार पर स्व. पवन केशरी व मो.शमीम हवाईदार के तैल चित्र को स्थापित कर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनिल मौर्या ने किया। मौके पर अमीना बेगम,मो. सईद, मो. वसीम,सभासद बलवंत मौर्य, अजय मौर्य, अखिलेश यादव, सत्यम केशरी,राजेश गुप्ता,अजय केशरी,शमशाद खान,अरशद उल्ला, रमेश गौतम, राम करन मौर्य,आलोक गुप्ता, राजकुमार कश्यप, सर्वेश मौर्य, मन्नू सिंह, जीतलाल बिंद, गुलाम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोक साहित्य हमारे पुरखों की थाती, इसे बचाना जरूरी:बेशरम

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** आधुनिक जीवनशैली की आपाधापी के बीच बदलते रागरंग में हमारे पुरखों की थाती रहे अपने लोक साहित्य को बचाना बहुत जरूरी है।इसी लोक साहित्य में रची बसी अपनी संस्कृति, संस्कार,लोक परम्पराओं की रागात्मकता हमारे समय, समाज, लोकजीवन और अतीत की अनमोल पूंजी है। एसीआईटी साधुकुटी में संस्थान के बच्चों को इसे सहेजने हेतु चर्चित हास्य कवि और आकाशवाणी दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रस्तोता अशोक बेशरम ने यह बातें कही।उन्होंने बताया कि यही लोक साहित्य अपने अतीत में सामाजिक रीति रिवाजों, किस्से कहानियों, लोकोक्तियों मुहावरों लोकग ाथाओं, लोक नाट्य और लोकगीतों की परंपरा का संवाहक रहा है। अपने कर्मकाण्ड, जातिगीत, श्रमगीत, ब्रतगीत, मौसमगीत,संस्कार गीतों के लोकरंग हमारी असली जमीन और हमारे बुजुर्गों की विरासत है। आज के बदलते दौर में नयी पीढ़ी को चाहिए कि भटकाव से बच बचाकर,अपनी



लोककथाओं, लोक भाषणों, लोकगाथाओं की उस परम्परा को अपने लोकजीवन से जोड़ते हुए लेखन और मंचन के माध्यम से अपनी सोंधीमाटी की महक से जुड़े। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ लोकगायक अवध नारायण यादव ने बच्चों को आज के बहकते वातावरण से सचेत करते हुए ओछे,अश्लील और घटिया गानों से बचने के साथ-साथ अपने लोकगीतों से जुड़ने के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने भी अपने गांवो में होली, फाग, कजरी, नौटंकी, रामलीला, खेल तमासा जैसी चीजों के साथ साथ अपने लोक साहित्य को संजोने का संकल्प लिया।

# ओडीएफ प्लस मॉडल बनेगी ग्राम पंचायतें - अब्दुल हसन

## ग्राम पंचायतों को स्वच्छ रखने के लिए गांव में कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण में तेजी लाने की कवायद तेज

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मंगलवार को विकास खंड के सभागार में आयोजित प्रयागराज के डीपीएम अब्दुल हसन व बलवीर यादव ने विकास खंड के कर्मचारियों एवं प्रधानों की एक बैठक में ग्राम पंचायतों को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत ओडीएफ प्लस की शुरूआत की उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में जनसंख्या के आधार पर स्वच्छता के लिए कचरा गड्ढा प्रबंधन का निर्माण कराया जाएगा जिसके तहत गांव घरों से निकलने वाले कूड़ा कचरा एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट करने तथा गांव को स्वच्छ बनाना हर एक जिम्मेदार व्यक्ति का कर्तव्य होता है जिसमें पंचायत स्तर पर इसे लागू कर गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाया जाएगा जिसमें भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षण ग्रामीण विकासखंड के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रत्येक ग्राम पंचायत को सहभागी सत्यापन कराकर उन्हें उत्कृष्ट पंचायतों का दर्जा दिया जाएगा तथा गांव में तेजी से कार्य किए जाने के लिए उपस्थित पंचायत सचिवों एवं ब्लॉक कर्मियों तथा प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी गई इस मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, अवतार किशन सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, धीतेश तिवारी महा मंत्री प्रधान संघ करछना, खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा ,दुष्यंत प्रताप सिंह, सचिव मनीष यादव ,अमित यादव ,आदित्य पौडवाल ,संजीव श्रीवास्तव ,अमरेश सिंह ,राम रूप सिंह ,राम सकल, अब्दुल बारी ,सुर गंगा पांडे ,प्रीति शुक्ला, कमल सिंह, राज कपूर गौतम, विनोद कुमार , सहित प्रधान एवं ब्लाक कर्मी मौजूद रहें।



# क्षेत्र के विकास हेतु समर्पित: मुकेश कुमार कोल

## विकास खंड कोराव में विभिन्न गांवों में विकास के लिए प्रोजेक्ट स्वीकृत

### क्षेत्र के स्कूलों,अस्पतालों आदि संस्थानों का करेंगें ब्लॉक प्रमुख निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव/प्रयागराज।** विकास खंड कोराव के ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल ने कहा है कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु समर्पित हूं। और मेरा पूर्ण प्रयास है कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र में सड़के नालियां, पुलिया, कूप जगत, इंटरलाकिंग मार्गों आदि का निर्माण कार्य हो,इसके लिए करीब ढाई करोड की धन राशि प्रथम चक्र में खर्च होगी।

शेष प्रस्तावित कार्य योजनाएं दूसरे फेज में स्वीकृत कराई जाएंगी।



इस निमित्त ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि अवर अभियंताओं को स्वीकृत कार्य योजनाओं की प्राक्कलन कार्य स्थलों पर जा कर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बाबत दो दिन से निरंतर इंजीनियर्स प्रस्तावित कार्य स्थलों का निरीक्षण आंकलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक सदस्य क्षेत्र पंचायतों के ही प्रस्तावित कार्य योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

कुछ ग्राम प्रधानों के भी। प्रमुख ने बताया कि प्रस्तावित कार्य योजनाओं का शीघ्र ही टेंडर निकाला जायेगा। कुछ ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायतों और ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी के मध्य सब कुछ ठीक ठाक न होने की तरह तरह की चचाओं पर कोई बात कहने से बचते रहे। और सब कुछ ठीक ठाक होंने न होने आदि की बात पर यह कहा कि माननीय विधायक जी ही सक्षम हैं। प्रमुख ने कहा कि प्रयास यही है कि प्रधान और बीडीसी मेंबर्स आदि दुखी न रहें। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रों से मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संस्थानों स्कूलों,स्वास्थ्य केंद्रों का स्वयं और विधायक जी के साथ ओचक निरीक्षण किया जायेगा।

## राम मंदिर कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी गई

**सहसों।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा मेडुआ में 6 दिसंबर को हुए हमले में मारे गए राम मंदिर के कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी गई। शाखा प्रमुख शिवा कांत पांडे ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिवा कांत ने कहा कि कार सेवकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मंदिर निर्माण उनके रक्त की एक एक बूंद का प्रतीक है। कोठारी बंधुओ का जिस निर्ममता के साथ हत्या की गई उसे कोई नहीं भूल सकता। इस अवसर पर मनोज त्रिपाठी, जिला संघ सह चालक इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, निर्मल पांडे, मंगल पटेल, अवकाश प्राप्त शिक्षक पूर्व जिला सह चालक ओम प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# समाज सेवियों ने सड़क की समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** सपा प्रदेश सचिव हिमांशु मिश्रा, प्रदेश सचिव मोहित यादव व पूर्व करछना विधानसभा अध्यक्ष विकास सोनी ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि लिंक सड़क भीरपुर से लेकर भगनपुर तक (जो कि लगभग 15 से 20 गाँवो को आपस में जोड़ती है) और वीरपुर बाजार में बनी नाली की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ, सड़क जो कि काफी लम्बे समय से टूटी फूटी है और जिस पर जगह जगह काफी बड़े- बड़े गढ्ढे मौजूद है, उसकी मरम्मत के नाम पर ठेकेदारों ने सिर्फ बड़ी बड़ी बोल्डर डालकर उसे जर्जर हालत पर छोड़ दिया है और वीरपुर बाजार में बनी नाली का निकासी ना होने के कारण बाजार की हालत बद से बदतर हो गई है । जिसकी वजह से वहाँ जलभराव होने के कारण लोग डेगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी गम्भीर बीमारियों से गाँव वाले जूझ रहे है । एसडीएम महोदय ने इस मामले को सज्ञान में लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश कर कार्रवाई का आदेश दिया।

# तिवारी बंधुओं ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** सुप्रसिद्ध गायक तिवारी बंधु एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।रधईपुर महरछा गांव में राजनाथ तिवारी, राजित राम तिवारी, त्रिभुवन तिवारी के यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तिवारी बंधु टीम में सुजीत तिवारी, मंजीत तिवारी मेजा प्रयागराज, जावित्री कुमारी सिंगरौली मध्यप्रदेश, गौरव, विकास, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

# धान क्रय केंद्र प्रभारी व मिलरो की सांठगांठ से किसान परेशान

## किसानों की खतौनी से व्यापारी,मिलर व केंद्र प्रभारी हो रहे मालामाल

**अखंड भारत संदेश**

**जारी प्रयागराज।** कांटी के नाम पर भारतीय खाद्य निगम से संचालित धान क्रय केंद्र जसरा विकासखंड के खुटरीया में संचालित है। सरकार किसानों को, उपज का पूरा मूल्य दिलाने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी केंद्र प्रभारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

व्यापारी, मिलर एवं केंद्र प्रभारी का एक बड़ा सिंडिकेट किसानों की उपज का फायदा उठा रहा है। केंद्र प्रभारी केंद्र खोलकर शोपीस बने हुए। 20 प्रतिशत खरीद केंद्र पर होती है तो 80 प्रतिशत खरीद व्यापारी के माध्यम से मिलर करते हैं। किसान अंगूठा लगाने तक सीमित है। किसान केंद्र पर धान ले जाता है तो केंद्र प्रभारी कई खामियां निकालते हैं। वहीं धान व्यापारी किसान की खतौनी के साथ औने पौने दाम पर किसान के खेतों से मिलर के यहां पहुंचा देता है और किसान को बुलाकर अंगूठा लगा लिया जाता है तो सब कुछ ठीक हो जाता है।भारतीय खाद्य निगम जसरा के केंद्र प्रभारी जयप्रकाश पांडेय ने बताया कि 20 हजार कुंतल का लक्ष्य दिया गया है अभी तक 24 सौ कुंतल खरीद हुई है। लेकिन किसानों का नाम व मोबाइल नंबर नहीं बता सके।

क्षेत्र के किसान अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, रामनरेश, विनायक प्रसाद ,जनार्दन प्रसाद आदि ने बताया की व्यापारी व मिलर खतौनी व धान खरीद कर ले जाते हैं। मिलर के बताएं समय के अनुसार किसान केंद्रों पर पहुंचकर अंगूठा लगा देते है। इस तरह से किसान की खतौनी से प्रभारी, मिलर व व्यापारी हो रहे हैं मालामाल।

# लोक कल्याण हेतु किया गया धार्मिक अनुष्ठान

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर मेडुआ स्थित शिव मंदिर प्रांगण के तालाब पर लोक कल्याण के लिए धार्मिक अनुष्ठान एवं हवन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई भक्त उपस्थित रहे। आदर्श शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रयोदशी तिथि पर मंत्रोच्चार द्वारा वैदिक रीति से हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समिति के प्रबंधक शिवाकांत पांडे के अनुसार प्रति माह त्रयोदशी तिथि पर भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा से लोक कल्याण के लिए धार्मिक अनुष्ठान के साथ हवन कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य राधे श्याम पांडे, महंत अशोक कुमार शुक्ला, गौरव पांडे, हिमांशु पांडे, सत्यम पांडे, शुभम पांडे, मनोज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान रामनगर मनीष गुप्ता, राम कैलाश, मंगल पटेल सहित क्षेत्र के तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

# माघ मेला क्षेत्र में मंडलायुक्त व मेला अधकारी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा मंगलवार को मंडलायुक्त द्वारा की गई। तत्पश्चात उन्होंने मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया।लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। दलदल वाले स्थानों पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराने को कहा।जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य उचित गहराई में मानक के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी एजेंसी से कराने के निर्देश दिए। कार्य अधोमानक पाए जाने पर कटौती की जाएगी।

इस वर्ष 500 बेड की डॉरमेट्री की भी व्यवस्था की गई है जो 6 जनवरी से 26 जनवरी तक रहेगी। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न सेक्टरों में विशेष स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे जो उस विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में स्कीम से संबंधित जानकारी तथा सभी संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर डिस्प्ले किए जाएंगे। पूरे मेले में 10 फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाएंगे जहां से कोई भी मेला संबंधित जानकारी ले सके । माघ की गई। उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक जानकारी ली तथा बैठक के पश्चात मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का



जनमानस में जागरूकता फैलाएंगे। सभी वेंडिंग जोंन में एकरूपता दिखाई पड़ेगी, हर सेक्टर में एलईडी लगाई जाएगी जिस पर पौराणिक कथाओं के साथ-साथ सरकारी मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा मंगलवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा निरीक्षण किया।लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए काम की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र के जिन भी स्थानों में दलदल की समस्या है वहां पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराने को भी कहा है। साथ ही जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य उचित गहराई में मानक के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी एजेंसी से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया के यदि सत्यापन के पश्चात पाइप बिछाने का कार्य अधोमानक पाया जाता है तो जल निगम के बिल से कटौती की जाएगी।6 जनवरी 2023 को पौष पूर्णिमा के स्नान से प्रारंभ होने वाला माघ मेला इस वर्ष 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ समाप्त होगा। इस वर्ष अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ तीर्थयत्रियों के रहने हेतु एक 500 बेड की डॉरमेट्री की भी व्यवस्था मेला प्रशासन द्वारा की गई है जो 6 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर 26 जनवरी बसंत पंचमी के स्नान तक रहेगी। इस वर्ष भी पूर्व की भांति मेला क्षेत्र को पूर्णताः प्लास्टिक फ्री रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त इस वर्ष विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न सेक्टरों में विशेष स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे जो उस विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जनमानस में जागरूकता फैलाएंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में इस वर्ष सभी वेंडिंग जोंन में एकरूपता दिखाई पड़ेगी जो की एक थीम पर सजाए जाएंगे। इसी क्रम में हर सेक्टर में एलईडी लगाई जाएगी जिस पर पौराणिक कथाओं के साथ-साथ सरकारी स्कीम से संबंधित जानकारी तथा सभी संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर डिस्प्ले किए जाएंगे। साथ ही पूरे मेले में 10 फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाएंगे जहां से कोई भी मेला संबंधित जानकारी ले सकता है। बीते वर्षों से सीख लेते हुए बेहतर मोबाइल सिग्नल हेतु अधिक मात्रा में काऊ टावर्स भी लगाए जाएंगे।

## शासनादेश के विपरीत किसान जला रहे पुआल

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद भी शंकरगढ़ एवं जसरा विकासखंडों में अनेक गाँवों के किसानों द्वारा अपने खेतों में ही धान के अवशेष पुआलों को जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके बावजूद भी स्थानीय स्तर पर निगरानी रखने वाला कोई जिम्मेदार महकमा दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि काफी समय से शासन द्वारा पुआलों को जलाये जाने पर पाबंदी लगाई गई है। इन सभी को दरकिनार करते हुए धान की फसल तैयार होते ही घरेलू पशुपालन न करने वाले किसान तत्काल खेतों में ही अच्छी पैदावार बढ़ाने के नाम पर पुआल जला डालते हैं।जबकि देखा जाये तो पुआल जलाने से शासन के अनुसार प्रदूषण तो फैलता ही है, साथ ही पशुओं का निवाला भी नष्ट हो जाता है।इतना ही नहीं, पुआल में न जाने कितने जीव-जंतु होते हैं जो अपना आशियाना बना कर रहने लगते हैं।क्षेत्र के सेहुंडा, बवन्धर, कोरारी, लोहगरा, असरवई,चामू,सुन्दरपुर, टिकरी, बेमरा, आदि गाँवों में किसान पराली जलाते देखे जा सकते हैं।

## महिला को चिढाने पर जब महिला ने विरोध किया तो उसे मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** महिला को निःसंतान शब्द बोल कर चिढाने पर जब महिला ने आपत्ति की तो मारा पीटा गया। महिला ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता डीह निवासनीय सीमा सिंह पत्नी दारा सिंह का आरोप है कि उसे बांज कह कर पडोसी चिढा रहे थे। बोलने पर उसे घसीट घसीट कर मारा पीटा और गालियां भी दी गई। सीमा सिंह ने मऊआइमा थाने में देवर ठाकुर सिंह ,देवरानी रेखा ,जीतेंद्र, विजय कुमार सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मार पीट तोड फोड मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुस कर गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर पुआल में आग लगा दिए। और जान से मारने की धमकी भी दिए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में चार को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर निवासी अरुण कुमार सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उनके विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर उसे मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर पुआल में आग लगा दिए और जानवर छोड कर सब्जी के खेत को नष्ट करा दिए। अरुण कुमार सिंह ने मऊआइमा थाने में रघुराज सिंह ,सतीश सिंह ,अखिलेश प्रताप सिंह, दिव्यांशू सिंह तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। हालंकि दो दिन पूर्व रघुराज सिंह ने भी वादी सहित उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## मारुति और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** मंगलवार को समय लगभग 3:00 बजे प्रयागराज से रीवा जाते समय थाना बारा क्षेत्र अंतर्गत डांडो चौराहे पर एक मारुति इग्निस एमपी 20 सीजी 3375 एवं बाइक यूपी 81 बीएम 2848 के मध्य टक्कर हो गई जिससे आगे जा रहे साइकिल सवार विद्यार्थी में भी टक्कर लग गई जिससे साइकिल सवार विद्यार्थी युवराज यादव पुत्र सुरेश यादव उम्र 13 वर्ष ग्राम सोनरा हर्रो थाना बारा प्रयाग्रराज एवं बाइक सवार उदय प्रताप सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह उम्र करीब 31 वर्ष निवासी जिगना थाना शंकरगढ़ प्रयागराज चोटिल हो गए जिन्हें उपचार हेतु शिवम हॉस्पिटल जारी भिजवाया गया। मारुति चालक एवं मारुति में सवार अन्य व्यक्तियों को कोई चोट नहीं है। शांति व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है ।

## जवान के सिर में लगी गोली, दोस्त के घर पार्टी के दौरान हुई घटना

**प्रयागराज।** संदिग्ध दशा में मंगलवार रात 45 वर्षीय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान पंकज उर्फ प्रशांत त्रिपाठी के सिर में गोली लग गई। जवान की हालत गंभीर बनी है। लाइसेंसी पिस्टल से गोली कब और किन परिस्थितियों में लगी यह साफ नहीं हो सका है। घटनास्थल से पुलिस ने खोखा और पिस्टल बरामद किया है। कैंट पुलिस पंकज के कुछ साथियों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। पंकज मूलरूप से प्रतापगढ़ के बाघराय थाना क्षेत्र स्थित चकमढ़ गांव के निवासी हैं। उनकी तैनाती झारखंड में है, लेकिन इन दिनों अवकाश पर घर आए हैं। कई साल पहले उन्होंने कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर मोहल्ले में मकान बनवाया जहां पत्नी व बच्चों के साथ रहते हैं। भाई रिंकू व प्रभात भी साथ में रहते हैं।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत जिलाधकारी ने हर घर नल योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

### कनेक्शन दिए जाने की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मेसर्स एलएनटी को कार्यों में तेजी लाये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बंध में संगम सभागार में बैठक करते हुए हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन दिए जाने की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मेसर्स एलएनटी को 3 दिवस के अंदर कनेक्शन दिए जाने के कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए है।



उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ मशीनों की भी संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने योजना के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों का भुगतान भी समय से सुनिश्चित करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम को क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर कार्यों का अनुश्रवण करते रहने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जल जीवन मिशन के क्वार्डिनेटर सहित जल निगम एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए संविधान शिल्पी भीमराव अम्बेडकर

### फूलपुर में भारत रत्न बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर किया गया नमन

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** संविधान शिल्पी डा० भीमराव अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस मंगलवार को नगर पंचायत फूलपुर के पूरेमहाराथ में मनाया गया। विजय कश्यप के आयोजकत्व में मनाए गए परिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रम में भाजपा नेता के साथ ही नगर पंचायत के सभासदों ने शामिल होकर संविधान शिल्पी को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



देश के प्रति बाबा साहेब के अतुलनीय योगदान पर चर्चा करते हुए नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा के क्षेत्रीय नेता अमरनाथ यादव ने कहा की बाबा साहेब दबे, कुचलों की आवाज थे। उन्होंने दलितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। बाबा साहेब को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा०अम्बेडकर ने अपनी प्रतिभा के चलते ही भारत को एक लिखित संविधान दिया। उन्होंने दलितों को जहां सामाजिक व आर्थिक अधिकार दिलाया वहीं उनके उत्थान के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प भी लिया।

नगर पंचायत चुनाव के संयोजक व भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा ने कहा की बाबा साहेब प्रमुख विधिवेत्ता, विचारक व समाज सुधारक थे।

उन्होंने जीवन पर्यंत दलितों व महिलाओं के उत्थान के लिए संघर्ष किया। वहीं भाजपा नेता व नगर पंचायत सभासद अनिल मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को देश कभी भूल नहीं सकता है। इस अवसर पर नामित सभासद राय साहब केशरी, सभासद रमेश गौतम, कार्यक्रम के आयोजक विजय कश्यप, मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, राजकुमार कश्यप, विजय शंकर पुष्पकार, अजय विश्वकर्मा, कृपा, धीरेंद्र सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# कब्रिस्तान पर अवैध रूप से बने पक्का मकान को लेकर चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण करना आम बात हो गई है। कब्रिस्तान पर अवैध रुप से हुए कब्जे को प्रशासन ने बुलडोजर से सोमवार को ध्वस्त कर दिया गया। परन्तु अतिक्रमणकारियों ने पक्के मकान को न गिराने पर लेखपाल ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के सदरबाजार सहित अनेकों स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे आए दिन जाम के झाम में लोग फंसे रहते हैं।मोहल्ला मुस्तफाबाद में मनबढ अतिक्रमणकारियों ने दो बीघा कब्रिस्तान में से आठ बिस्वा पर कब्जा कर लिए थे। सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। अब कब्रिस्तान में बने पक्के मकान को न गिराने पर अतिक्रमणकारियों मोहम्मद रमजान ,बकरीदी, शोएब पुत्रगण अब्दुल सत्तर तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लेखपाल राज कुमार सागर ने लोक सम्पति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मऊआइमा थाने में दर्ज करा दिया है।


**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओंकार नाथ पुत्र स्वर्गीय बूंदा निवासी सादिकपुर सेमरहा परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी का निवासी हूं मेरे 2 पुत्र रामनारायण व सौरभ सिंह और चार पुत्रियां हैं चारों पुत्रियाँ शादीशुदा है और अपने ससुराल में सुख पूर्वक जीवन यापन कर रही हैं बड़ा पुत्र रामनारायण कोई बात नही मानता है प्रार्थी और उसकी पत्नी की देखभाल भोजन दवा इत्यादि किसी प्रकार का ध्यान बड़ा पुत्र रामनारायण नही करता है छोटा पुत्र सौरभ सिंह हर प्रकार से मेरी व मेरी पत्नी का ध्यान रखता है दवा भोजन इलाज भी समय–समय पर सौरभ सिंह कराता है बड़े बेटे के आचरण से त्रस्त होकर ओमकारनाथ पुत्र स्वर्गीय बूंदा ने घोषणा की है कि वह अपने बड़े पुत्र रामनारायण को अपनी संपूर्ण चल वा संपूर्ण अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं बड़े पुत्र रामनारायण का उनकी संपत्तियों से कोई वास्ता नही होगा ।

**ओंकार नाथ पुत्र स्वर्गीय बूंदा निवासी सादिकपुर सेमरहा परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी।**


# शत्रु की जमीन पर हुए अवैध कब्जे पर प्रशासन का चला बुलडोजर

### वारिसान का आरोप बिना सूचना के ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** शत्रु की जमीन की पैमाइश आदि करने के बाद उसपर हुए निर्माण पर मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर की कार्यवाही की तथा टीन शेड आदि को ध्वस्त कर दिया गया। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला बैरहना में स्थित एक कई बीघे का खाली प्लाट है। जिसे लेकर दो पक्षों में न्यायालय में मुकदमा बाजी हो रही है। इसके बावजूद भी कुछ वर्ष पूर्व आमिर महमूद आदि ने उक्त विवादित भू खंड को अब्दुल रशीद पुत्र वली मोहम्मद के नाम बैनामा कर दिया इसी भू खंड को आमिर महमूद आदि ने नसरीन बानों पत्नी



मोहम्मद सलीम ,और तीसरे अंजुम आरा पत्नी गुड्डू के पक्ष में बैनामा कर दिया । आरोप है कि पुलिस प्रशासन को मिला कर अब्दुल रसीद ने एक माह पूर्व उसपर कब्जा कर लिए। तथा आमिर महमूद सहित उनके परिजन कई फ्राडिया और अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज होने के कारण आमिर महमूद जेल में है। जबकि परिजन फरार हैं। बताते हैं कि उक्त भू खंड अब्दुल रऊफ पुत्र मासूम का है। जो आजादी के बाद पाकिस्तान चले गए। शिकायत पर तहसील महकमा हरकत में आया और पैमाइश आदि करके अब्दुल रसीद द्वारा किए गए कब्जे को मंगलवार को तहसीलदार ओमप्रकाश शुक्ला ,नायब तहसीलदार ,कानून गो ,लेखपाल और स्थानीय थाने की फोर्स बुलडोजर लेकर अब्दुल रसीद के निर्माण को शत्रु की जमीन कह कर ध्वस्त कर जमीनदोज कर दिए। जबकि उक्त जमीन के अन्य दावेदारों का कहना है कि भले से रऊफ पाकिस्तान चले गए उन्हीं के हिस्से को शत्रु की जमीन घोषित होनी चाहिए। उनके हिस्से को क्यों शत्रु की जमीन घोषित करके ध्वस्त किया गया। उनका आरोप है कि बिना उनको नोटिस ,सूचना दिए ध्वस्त करने को लेकर वह न्यायालय में जाएंगें।

## ...तो एडेड महाविद्यालयों में प्रबंधक हावी हैं, पिछले कुछ दिनों में पांच प्राचार्यों ने इस्तीफा दिया

**प्रयागराज।** अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) महाविद्यालयों में प्रबंधक हावी हैं। उनके आगे आयोग से चयनित प्राचार्यों की नहीं चल रही है। वह काम नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के पांच एडेड महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा प्रबंधन ने स्वीकार करते हुए उसे उच्च शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है। इस्तीफा देकर पांचों प्राचार्य अपने पूर्व पद यानी प्रोफेसर पद पर लौटकर कार्यभार ग्रहण कर रहे हैं। यही स्थिति कई और महाविद्यालयों में है।


**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी नंबर 311603492 में सुमन पत्नी राम राज साहू भूल से लिख गया है जो गलत है सही नाम राज कुमारी पत्नी राम राज निवासी कमाल पुर पोस्ट कड़ा सिराथू कौशांबी है।

# श्रद्धापूर्वक मना बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस

## दयाराम मौर्य ने उनके महाकाव्य का किया वाचन



बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथिगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भारत के संविधान-शिल्पी बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस शारदा संगीत महाविद्यालय प्रतापगढ़ में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण का सामूहिक गायन किया गया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ बौद्ध चिंतक एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि छुआछूत और भेदभाव खत्म होने से सबके अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। मुख्य अतिथि एल आई सी के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि बाबा साहेब ने सबके कल्याण की बात कही। संचालन श्रीनाथ मौर्य सरस ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या बीना श्रीवास्तव, रोहित, अशोक कुमार तिवारी, कुसुम लता श्रीवास्तव, संजू सरोज, अनामिका सरोज, शिप्रा सरोज, प्रज्ञा श्रीवास्तव, वैभव पाण्डेय, अमित कुमार यादव, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, अनुज कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार शर्मा, मधु शर्मा, अनिल कुमार निलय, शिवम् तिवारी, कमलाकान्त शुक्ल, संतोष कुमार तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भिक्खु संघ के साथ प्रभात फेरी व माल्यर्पण कर किया बाबा साहेब को याद

**अखंड भारत संदेश**


नगर में प्रभात फेरी निकाले भिक्खु संघ के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** संविधान शिल्पी बोधिसत्व परमपूज्य बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर समन्वय सेवा संस्थान के तत्वावधान में पूज्य भन्ते अश्वजित व बृजेश प्रसाद उपजिलाधिकारी मुख्यालय के नेतृत्व में जनपद के उपासक व उपसिकाओ, शिक्षकों, व कर्मचारियों ने सुबह 7 बजे करनपुर मुहल्ले से प्रभातफेरी यात्रा कर डॉ अम्बेडकर चैराहे पर बाबा साहब के प्रतिमा के सामने त्रिशरण, पंचशील व वंदना कर माल्यर्पण किया। इसके पूर्व संध्या पर प्रतिमा का प्रक्षालन कर पुष्प मालाओं से बाबा साहब की प्रतिमा को सुसज्जित कर दीप प्रज्वलित कर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। संचालन राकेश कन्नोजिया ने किया। इस अवसर पर डॉ0 शिवमूर्ति लाल मौर्य, सुशील कुमार दद्दू, राजेश कुमार, बहन लीलावती, आचार्य उमेश चन्द्र,सी0पी0 राव, संजय कुमार, अवधेश सरोज, दिनेश सरोज, बृजेश सरोज, डॉ सदन लाल,वेद प्रकाश, अर्जुन प्रसाद, लालमणि, इ0सुग्रीव सिंह, डॉ0 ओम प्रकाश, पृथ्वीपाल, सुभाष चंद्र, राधेश्याम, सतीश कुमार गंगा बौद्ध, फूलचन्द्र, तुलसी राम, धर्मेश सनी, छेदी लाल, बसन्त लाल मौर्य, शक्ति प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे सुशील कुमार दद्दू व राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से आभार प्रकट किया।

## पिता की हत्या मे इंसाफ के लिए सीबीसीआईडी जांच की बेटे ने लगायी गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पिता की छिनैती के दौरान आरोपियो की पिटाई से मौत के मामले मे पीडित ने घटना की जांच सीबीसीआईडी से कराए जाने को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया है। सांगीपुर थाना के देउम पूरब चैधरी का पुरवा के निवासी चंद्रप्रकाश वर्मा ने शिकायती पत्र मे कहा है कि बीते वर्ष 2021 मे अठारह अक्टूबर को उसका पिता कल्लूराम वर्मा पूरे कंठी सुजाखर से घरेलू सामान की खरीददारी करने सांगीपुर बाजार गया था। वापस लौटते समय सांगीपुर के ओरीपुर नौगीर गेट के समीप अज्ञात लोगों ने उसके पिता से छिनैती कर मारपीट की। चोट अधिक लगने से जिला अस्पताल ले जाते समय पीडित के पिता की मौत हो गयी। पीडित का कहना है कि घटना मे छिनैती व हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद दस माह बाद भी सांगीपुर पुलिस घटना का खुलासा नही कर पा रही है। आरोप है कि पुलिस घटना मे लीपापोती कर मुकदमे की धाराओं से भी छेडछाड कर रही है। पीडित ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए पूरे मामले को सीबी सीआईडी के सुपुर्द करने की गुहार लगायी है। वही शिकायती पत्र मे थाने मे तैनात कुछ पुलिसकर्मियों पर पिता की हत्या के मामले मे दर्ज मुकदमे की जांच मे संदिग्ध भूमिका की भी जांच कराकर कार्रवाई की फरियाद की गयी है।

### कई दावेदारों के अरमानों पर फिरा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील में पट्टी नगर पंचायत के अलावा नवसृजित ढकवा तथा रामगंज को इस बार नगर पंचायत का दर्जा मिला है। पहली बार शहर की सरकार चुनने जा रहे हैं ढकवा में सीट अन्य पिछड़ा वर्ग महिला तथा रामगंज में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दी गई इसी के साथ कई दावेदार चुनाव लड़ने की होड़ में होने के बावजूद भी आरक्षण की चोट से चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं।

# बालक व बालिका वर्ग में एएसएम ग्रुप रहा अव्वल

## जिला स्टेडियम में आयोजित हुई जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय बास्केटबाल टूनामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आशुतोष त्रिपाठी संस्थापक ए एस एम ग्रुप एवं सदर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बास्केटबॉल चयन समिति के सदस्य आर एस बेदी जी उपस्थित रहें। डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्घाटन के पश्चात संबोधन में कहा कि खिलाड़ी को खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए जीत या हार नहीं जीते और नहीं जीते की भावना से खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर एस बेदी जी ने कहा कि भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के तमाम योजनाएं चला रही है। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रतापगढ़ पूनम लता राज ने सभी खिलाड़ियों को हौसला बनाते हुए बास्केटबॉल कोच रघु सर को बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में बच्चों में 1 वर्ष में बहुत ही निखार आया है। कार्यक्रम की शुरूआत में साकेत गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वागत गीत एवं गणेश वंदना गाकर अतिथियों का स्वागत किया इसके अलावा एंजेल स्कूल एवं आइंस्टीन स्कूल ने शानदार ढंग से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आइंस्टीन स्कूल का कार्यक्रम बहुत ही सुंदर एवं शानदार था जिसको अतिथियों ने भी सराहा कार्यक्रम के समापन में अतिथियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाए। बालक बालिकाओं को मेडल देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान ए एस एम ग्रुप दूसरा स्थान प्रतापगढ़ स्टेडियम एवं तीसरा स्थान नेशनल पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया बालिका वर्ग में प्रथम स्थान ए एस एम ग्रुप दूसरा स्थान साकेत गर्ल्स डिग्री कॉलेज तीसरा स्थान आत्रेय एकेडमी ने प्राप्त किया बास्केटबॉल कोच रघु सर ने आए हुए अतिथियों का मोमेंटो देकर माल्यार्पण कर तथा बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी अनवर जी प्रशांत कुमार सिंह बंटी सिंह देवेंद्र सिंह राजकुमार जैसवार अरशद खान सुशील कुमार श्रीवास्तव यशवंत कुमार गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मारपीट व धमकी में दो नामजद तथा बीस अज्ञात के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दो नामजद आरोपियो के साथ बीस अज्ञात के खिलाफ सोमवार की रात बलवा समेत विभिन्न धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज के मुड़ियन का पुरवा बेलहा निवासी शत्रुघ्न गौतम के पुत्र शिवम गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह गांव मे एक टेण्ट हाउस में काम किया करता है। तीस नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे गंभीराबाद निवासी बच्चा के पुत्र रवि तथा हरकेश के पुत्र अंकित अपने साथ बीस अज्ञात आरोपियो को लेकर टेण्ट हाउस आ धमके। आरोपियो ने पीडित के साथ गालीगलौज करते हुए उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये।

### मीडिया एकादश ने शिक्षक एकादश को दिया 9 विकेट से करारी शिकस्त

**पट्टी, प्रतापगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन मीडिया एकादश तथा शिक्षक एकादश के बीच हुआ जिसमें मीडिया एकादश ने 9 विकेट से शिक्षक एकादश को शिकस्त दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिक्षक एकादश के सलामी बल्लेबाजों को पहले ओवर में ही गेंदबाज धनंजय तिवारी तथा संतोष वर्मा ने पवेलियन वापस भेज दिया उसके बाद टीम बैकफुट पर आ गई और निर्धारित 15 ओवर का पूरा मैच नहीं खेल पाई और कुल 54 रन बना पाई जवाब में मीडिया एकादश के सलामी बल्लेबाज धनंजय तिवारी तथा संतोष वर्मा की लाजवाब पारी से 9 विकेट से शिक्षक एकादश को करारी शिकस्त दिया शिक्षक एकादश के कप्तान प्राचार्य अखिलेश पांडे ने सभी लोगों के प्रति धन्यवाद अर्पित किया। मंगलवार को मीडिया एकादश तथा शिक्षक एकादश के बीच हुए मैच का शुभारंभ पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ने किया।

# वर्ष 2012 में निर्दलीय चुनाव जीतकर अध्यक्ष बने थे हरिप्रताप

### लगातार चार बार हरिप्रताप व एक बार उनकी पत्नी प्रेमलता चुनाव जीतीं

**अखंड भारत संदेश**


प्रेमलता सिंह।


हरिप्रताप सिंह।

**प्रतापगढ़।** शहर का विकास कर शहर का कायाकल्प करने वाले हरिप्रताप सिंह व उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह ने एक बड़ी भूमिका निभाई है। यही कारण है कि लगातार चार बार हरिप्रताप सिंह तथा पिछली बार उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनीं।

बता दें कि सन 1995 में जब पहली बार हरिप्रताप सिंह भाजपा से चुनाव लड़कर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे तो उनके दिमाग में इस उपेक्षित शहर का नक्शा गूंजने लगा था। उन्होंने सबसे पहले गली-गली में सीसी सड़क व नाली बनाने की शुरूआत की, फिर कुछ वर्षो बाद इंटरलाकिंग सड़क बनने लगी। पूरे शहर के हर वार्ड में सड़क, प्रकाष व पेयजल के साथ पार्कों व चैराहों पर महापुरुषों की मूर्ति लगाकर शहर का स्वरुप बदल दिया। इसका नागरिकों पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा। उन्हें विकास कार्यों के कारण हर वर्ग का समर्थन मिलता रहा। यही कारण है कि जब 2012 में उनका टिकट भाजपा ने काटकर एक व्यवसायी को टिकट दे दिया तो हरिप्रताप सिंह पहली बार निर्दलीय चुनाव लड़े थे। नतीजा चैंकाने वाला था। हरिप्रताप सिंह निर्दलीय चुनाव जीत गये और भाजपा प्रत्याषी सहित 24 प्रत्याषियों की जमानतें जब्त हो गई। यद्यपि कि बाद में भाजपा ने यथास्थिति को समझा और उन्हें फिर भाजपा में शामिल कर लिया, तब तक आज से वह व उनकी पत्नी अध्यक्ष के रुप में नगर का विकास करती रहीं। सन 2017 में जब यह सीट महिला हुई तो उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह भाजपा से अध्यक्ष बनीं। उन्होंने अपने पति के पदचिन्हों पर चलते हुए विकास को ही अपना आधार बनाया। प्रेमलता सिंह के कार्यकाल में ही शहर का विस्तार हुआ। 25 वार्ड से बढ़कर शहर में अब 31 वार्ड हो गये हैं। अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने बिना समय गंवाए इन विस्तारित क्षेत्रों में सफाई व प्रकाश की व्यवस्था कर दिया है। विस्तारित क्षेत्र सियाराम कालोनी व रेनू वर्मा के पीछे के विस्तारित क्षेत्र में सड़क व नाली का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। हरिप्रताप सिंह व उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह की यह मानती हैं कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिलता है। इस बार यह सीट अनारक्षित घोषित हुई है। इस बार भाजपा नेतृत्व किसे टिकट देता है? यह जल्दी ही पता चल जाएगा।

# नेक इंसान बनकर अपनी खूबियों को दूसरों तक पहंचाएं: डा0 नाजिया

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में संचार कौषल पर हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**



संचार कौशल पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में संचार कौशल (कम्प्यूनिकेशन स्किल) विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ0 नाजिया खान, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष नेशनल लॉ युनिवर्सिटी अहमदाबाद ने छात्राओं को सम्बोधित किया और बताया कि कुदरत ने मनुष्य को जो अभिव्यति की शक्ति दी है हम उसे पहचाने और स्वयं भी नेक इंसान बने और दूसरों तक अपनी खूबियों को पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि जिन्दगी की जद्दोजहद को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि हम जितना संघर्ष करते हैं उतना ही आगे बढ़ते है। आप पोस्ट ग्रेजुएशन तक पढ़ने के लिए अवसर पा रही है इससे स्पष्ट है कि आप सबसे कुछ अलग है। क्योंकि आप उन करोड़ों बच्चों से अलग है जो ये क्षमता नहीं रखते। आपके अन्दर वो चिंगारी है जो आपको आकाश की ऊँचाइयाँ छूने की शक्ति दे सकती है। जरूरत है केवल उन्हें चैनलाइज करने की। इस अवसर पर अनवर हॉकी सोसाइटी के फाउंडर एवं अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान को प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने ग्रीन साकेत मुहिम मे विशेष योगदान के लिए सम्मान पत्र देकर और जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता एवं डॉ0 नाजिया खान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा कु0 नाजमीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा एवं आभार अनन्त प्रकाश शुक्ला द्वारा किया गया।

# चोरों ने उडाई बाइक, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सहालग में अलग अलग चोरी की घटनाओं में बाइक उडा ले जाने को लेकर हडकंप मच गया। जहां लालगंज के पूरे शिवावैश्य निवासी बृजेश पाल सुत दयाराम पाल बीती पांच दिसंबर को रात सात बजे उदयपुर थाना के लखरहिया अठेहा बाइक से मांगलिक कार्यक्रमों मे गया था। थोडी देर बाद पीडित जब घर वापस आने के लिए निकला तो बाइक नदारद देख आवाक रह गया। पीडित ने मंगलवार को सीओ से मिलकर बाइक चोरी की घटना मे अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ रामसूरत सोनकर ने उदयपुर पुलिस को घटना की रिर्पोट दर्ज करने के निर्देश दिये है। वहीं उदयपुर थाना के मंगापुर निवासी अलगू सोनी के पुत्र संतराम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रविवार को वह पूरे बसंदर गांव में मांगलिक कार्यक्रम मे फोटोग्राफी करने गया था। देर रात उसकी बाइक अज्ञात चोर उडा ले गये। मांगलिक कार्यक्रमों मे बाइक चोरी की घटनाओं से पीडितो को पुलिस का चक्कर लगाने मे हलाकान देखा गया।

# सेठ पन्नालाल बने थे पट्टी नगर पंचायत के पहले अध्यक्ष

## आरक्षण सूची जारी होने के बाद दावेदारों में मची हलचल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार की देर शाम आरक्षण सूची जारी होने के बाद पट्टी नगर अध्यक्ष पद को अनारक्षित घोषित कर दिया गया । चुनाव लड़ने वाले दावेदार इसी के साथ अब सक्रिय होकर के टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं । वहीं पट्टी नगर पंचायत इतिहास बड़ा ही रोचक रहा है।

पट्टी नगर पंचायत का 1977 में हुआ था गठन, लेकिन चुनाव हुआ 1988 में नगर पंचायत पट्टी का गठन तो 1977 में ही हो गया था लेकिन शासन ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव 1988 में कराया था पहली बार चुनाव में पन्नालाल खंडेलवाल नगर अध्यक्ष पर निर्वाचित हुए थे। जिस समय नगर पंचायत के अध्यक्ष सेठ पन्नालाल खंडेलवाल बने थे उस समय पट्टी नगर पंचायत में केवल 7 वार्ड थे कई बार अदालत व शासन के आदेश तथा अविश्वास प्रस्ताव से अध्यक्षों को हटाया गया था। ऐसे में शासन द्वारा कभी उपाध्यक्ष को नगर पंचायत अध्यक्ष का चार्ज सौंपा गया तो कभी एसडीएम को प्रशासक बनाया गया। पट्टी नगर पंचायत के पहले चुनाव नगर अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे खेड़नलाल जायसवाल इस बार नगर अध्यक्ष है जब वह पहली बार चुनाव लड़े थे तो उन्हें सेठ पन्नालाल ने 51 मतों से उन्हें पराजित किया था। उस समय रघुनाथ प्रसाद खरे, राम नारायण यादव ,कृष्ण कुमार शुक्ला, वंश गोपाल सिंह व जोखन सिंह सभासद बने थे। पहले नगर पंचायत अध्यक्ष पन्नालाल को विरोध का सामना करना पड़ा था हालांकि बाद में उन्हें अदालत से जीत मिली।

### संजय त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष नामित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के रांकी ग्राम पंचायत में डीपीआरओ ने त्रिस्तरीय समिति का गठन किया है। इसके तहत ग्राम पंचायत सदस्य संजय को त्रिस्तरीय समिति का अध्यक्ष नामित करते हुए उन्हें कार्यवाहक प्रधान के रूप में वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा है। बतादें रांकी में प्रधान पद पर पूर्व प्रधान रामअधार की नामांकन प्रक्रिया गलत पाये जाने पर लालगंज एसडीएम कोर्ट ने बीते दस नवंबर को रामअधार का नामांकन शून्य घोषित कर दिया।

इसके तहत रिक्त प्रधान पद पर उप चुनाव होने तक डीएम के निर्देश पर संजय को कार्यकारी प्रधान के दायित्वों के निर्वहन का प्रभार डीपीआरओ ने सौपा है।

# भयहरणनाथ धाम की सार्वजनिक भूमि व तालाब हो कब्जा मुक्त

## भयहरणनाथ धाम में वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**


वार्षिक अधिवेषन में बोलते समाज शेखर।

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में गत वर्षों की भांति विश्व स्वयं सेवक दिवस पर भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा वार्षिक अधिवेशन का देर शाम तक आयोजन हुआ। दो सत्रों में हुए अधिवेशन में सभी सदस्यों ने सरकार व जिला प्रशासन से अति प्राचीन इस धाम व धार्मिक स्थल की सार्वजनिक भूमि, तालाब व बंजर आदि को कब्जा मुक्त कराके समग्र विकास कराने की मांग हुई।

प्रारम्भ में ही धाम के महासचिव व बकुलाही नदी पुनरोद्धार अभियान के संयोजक समाज शेखर ने सभी का स्वागत करते हुए धाम व बकुलाही नदी के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी दी। अधिवेशन के प्रथम सत्र की अध्यक्षता धाम के अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने की। चर्चा हुई कि धाम में प्रत्येक मंगलवार को मेला लगता है मेले में भारी भीड होती है। सभी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि धाम में प्रत्येक मंगलवार को आवश्यकतानुसार प्र्याप्त पुलिस व्यवस्था हो। वहीं धाम परिसर में डी0जे0 वाद्य यन्त्र के बढते शोर के मद्देनजर व्यापक जनहित में काफी चर्चा के उपरान्त तय हुआ कि मंगलवार व मेलों के दिन पहले से ही डी0जे0 वाद्ययंत्र धाम परिसर मे 2012 से ही पुलिस व प्रबन्ध समिति द्वारा प्रतिबन्धित है। अब प्रतिदिन धाम परिसर के बाहर तक ही डीजे बजाया जा सकेगा। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रशासन शिक्षाविद् बबन सिंह ने की। बकुलाही नदी के अवशेष सरकारी कार्यों खासकर डायवर्जन चेक डैम व पुल पुलियों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई। सभी ने सरकार से अपील की अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराके क्षेत्र के जल संकट को दूर करने में हम सब का सहयोग करे।

### फोन पर दी गाली व धमकी, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात आरोपी द्वारा अपने मोबाइल नंबर से पीडित के साथ गालीगलौज व धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे वासी हरनाहर निवासी विनोद कुमार मिश्र बबलू ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चार दिसंबर को साढे आठ बजे सुबह उसे अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी है।

# बाइक सवारों को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला दो की दर्दनाक मौत

## कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा चौराहा के पास बीती रात हुआ दर्दनाक हादसा

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा चौराहे के पास सोमवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया है जिससे घटनास्थल पर 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और दोनों लहूलुहान शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों रिस्तेदारो में कोहराम मच गया है मृतकों के परिजन रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है।


रोते बिलखते परिजन

घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा गांव निवासी सचिन कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र हीरालाल और नरेश कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र मैकूलाल सोमवार को बाइक से अपनी रिश्तेदारी कोखराज थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव में दावत में शामिल होने के लिए आए थे दशरथपुर में निमंत्रण खाकर दोनों युवक बाइक से रात्रि 10:00 बजे सैयद सरावा गांव वापस लौट रहे थे जैसे ही दोनों युवक को कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा चौराहे के पास पहुंचे अनियंत्रित तेज गति ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनों बाइक सवार युवक ट्रक के पहिए के नीचे आ गए और दोनों ट्रक के पहिए से कुचल गए घटनास्थल पर चारों तरफ खून बिखर गया।

आसपास के लोगों को जब दुर्घटना में 2 लोगों की मौत की जानकारी मिली तो मौके पर आसपास के ग्रामीण पहुंचे मामले की सूचना मृतकों के परिजनों रिश्तेदारों को दी गई रोते बिलखते परिजन और रिश्तेदार भी घटनास्थल पर पहुंच गए सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

## मां ने जताई दोस्त पर हत्या कर लाश लटकाने की आशंका

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के तन्ना पर गांव में एक युवक का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई,कमरे के अंदर युवक का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया,युवक की मां ने साथ में सोए पड़ोस के युवक पर हत्या किए जाने की आशंका जताई है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

घटना क्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली इलाके के तन्ना पर गांव निवासी विकास का शव मंगलवार को कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है,सुबह कमरे का दरवाजा खोलने पर घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतक की मां ने पड़ोस के युवक के ऊपर हत्या कर शव लटकाए जाने के आशंका जताई है ।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव



को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और युवक की मौत की जांच शुरू कर दी है। एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटकता हुआ मिला है,पड़ोस के ही दोस्त पर आरोप लगाया गया है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।,विधिक कार्यवाई की जा रही है,साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 92 वाहनों का ई- चालान किया गया।

# नगर पंचायत का होगा चहुँमुखी विकास-विकास का बनाएंगे मॉडलः शान्ति देवी कुशवाहा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** ज्यों ज्यों नगर निकाय के चुनाव पास आ रहा चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है आदर्श नगर पंचायत अझुवा की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग महिला घोषित होने पर पूर्व चेयरमैन अझुवा शान्ति देवी कुशवाहा ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा हम पर भरोसा जताया जाता है तो निश्चित ही अझुवा कि जनता के मतदान रूपी आशीर्वाद से जीत अवश्य मिलेगी उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में नगर पंचायत में तमाम विकास कार्य कराए गए थे कुछ विशेष कार्य जैसे जल निकासी,कुछ वार्डों में जलापूर्ति की बड़ी समस्या है जिसे शिद्दत से पूर्ण कराया जाएगा पूर्व चेयरमैन ने तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोगों के लिए केवल अपना विकास होता होगा ।जो विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किये हैं और करना चाहते हैं नगर की जागरूक जनता जानती है उन्होंने कहा कि हम सबका साथ सबका विकास सबका विस्वास सिद्धांत पर चलने वाले हैं, चलते रहेंगे पूर्व चेयरमैन शांति देवी कुशवाहा ने कहा कि नगर की जनता ने उन्हें फिर मौका दिया तो नगर पंचायत अझुवा में विकास से सम्बंधित एक भी कार्य मे किसी प्रकार की अड़चन नही आएगी ।


पूर्व चेयरमैन शांति देवी कुशवाहा

## दंपति सहित तीन लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत हर्रायपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के शोभना गांव में जमीन विवाद के चलते दबंगों ने दंपति सहित तीन लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला किया है जिससे तीनों लोग लहूलुहान हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के शोभना गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र गजराज का गांव के रवि शंकर पुत्र देवराज से जमीन का विवाद चल रहा है पहले भी कई बार गाली गलौज मारपीट हो चुकी है मंगलवार की सुबह राकेश के भाई अरविंद सिंह अशोक सिंह घर पर मौजूद थे इसी बीच रविशंकर अपने भाई और अन्य लोगों के साथ कुल्हाड़ी लेकर अरविंद सिंह अशोक सिंह पर हमला बोल दिया है बीच-बचाव करने पहुँची महिला पूनम देवी को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया है हमले में तीनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है।

# डीएम ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा

## उद्यान निरीक्षक को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि तथा जिला उद्यान अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से कार्यालय आने एवं फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारित करने के निर्देश दिये इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय को साफ-सुथरा रखने एवं सभी रजिस्टरों को व्यवस्थित ढंग से रख-रखाव व अपडेट करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में भ्रमण रजिस्टर अवश्य रखें तथा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण अवश्य सुनिश्चित किया जाय जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को निर्मित करायी जा रही सड़कों की जॉच कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को अधूरी पेयजल परियोजनाओं-टेवा एवं जाठी की विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को पूर्ण हो चुके कार्यों की जॉच कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को शेष रह गये यूनिटों की सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को शेष रह गये तालाबों की मत्स्य पालन के लिए पट्टा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन बैंको को प्रेषित करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उद्यान निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न पाये जाने पर निलम्बित करने की कार्यवाही की जायेंगी इसके साथ ही उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिया। उन्होंने नवनिर्मित वन स्टॉप सेन्टर को शीघ्र हस्तान्तरित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत शेष रह गये कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को चिन्हित सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रखने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं ईओ को श्रम विभाग में ठेकेदारों का पंजीकरण कराने तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री महन्थ प्रजापति को सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ए-आर-कोआपरेटिव को वसूली के कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि 09 दिसम्बर 2022 को मण्डी समिति ओसा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।

जिलाधिकारी ने सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कराने के निर्देश दियें जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पेशन छात्रवृत्ति, कौशल विकास मिशन दुग्ध समितियों का गठन प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ओडीओपी सहित आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की प्रगति का लिया जायजा

## लेबरों की संख्या और बढ़ाकर निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने एकेडमिक बिल्डिंग गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण की प्रगति की निरीक्षण के दौरान कहा कि तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए लेबरों की संख्या और बढ़ायी जाए उन्होंने टाइल्स लगाने आदि का कार्य भी शीघ्र शुरू कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज केके श्रीवास्तव को एक जेई को नामित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता



अवश्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो को और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ई0ओ0 मंझनपुर एवं सीएमएस को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हरवंश सिंह सीएमएस डॉ0 दीपक सेठ उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं ईओ मंझनपुर सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पिकेट ड्यूटी से गायब थी पुलिस

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा चौराहे पर सोमवती की रात सड़क हादसे में दो युवको की मौत के बाद पुलिस की व्यवस्था पर फिर एक बार सवाल खड़े हो गए हैं बाबा चौराहे पर पिकेट की ड्यूटी लगाई जाती है जहां पर सिपाही मौजूद रहते हैं लेकिन दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो जाने में कामयाब हो गया है आखिर पिकेट ड्यूटी के सिपाही बाबा चौराहे पर मौजूद होने के बाद ट्रक चालक को क्यों नहीं रोक सके हैं यदि ट्रक चालक भाग रहा था तो सिपाहियों ने वायरलेस सेट या मोबाइल फोन के जरिए पुलिस आला अधिकारियों को सूचना देकर दूसरे थाना पुलिस की मदद लेकर ट्रक को क्यों पकड़ने की कोशिश नहीं की है या फिर पिकेट ड्यूटी पर सिपाही मौजूद नहीं थे और वह किसी अपने खास लोगो के घर के भीतर मौज मस्ती कर रहे थे यह बड़ी जांच का विषय है।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा रात्रि गस्त व वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मोहम्मद शाहिद पुत्र मो० रफीक निवासी खखरेरू थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर हाल पता ग्राम फैज का पुरवा थाना कड़ाधाम को ग्राम कोरियो के पास से 1100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राहुल साहू पुत्र शीतला प्रसाद साहू निवासी कसिया पश्चिम थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 145 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 17 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना महेवाघाट से तीन थाना कौशाम्बी से चार थाना सरायअकिल से दो थाना कड़ाधाम से एक, थाना सैनी से दो थाना कोखराज से तीन कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक बुधवार को विकास खंड मऊआइमा परिसर में आहूत की गई है। उक्त जानकारी ब्लाक प्रमुख अफसरुन निशां पत्नी इम्तियाज समी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विकास सम्बंधित चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी 92 बी डीसी सदस्यों को बैठक में भाग लेने की अपील की है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ योगाभ्यास प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी के परिसर में मंगलवार को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर,कौशांबी की अध्यक्षता में डायट कौशांबी में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


योगा अभ्यास के दौरान उपस्थित शिक्षक।

इस प्रतियोगिता में जनपद कौशांबी के प्रत्येक विकासखंड से दो दो महिला शिक्षक एवं दो दो पुरुष अध्यापकों ने योगाभ्यास प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर ने योग की मानव जीवन में उपयोगिता, इसके भविष्य में होने वाले लाभों के बारे में उपस्थित शिक्षकों को बताया।

योगाभ्यास प्रतियोगिता के तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल में डॉ मंजू चौधरी प्रवक्ता राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रयागराज सरोज योगी सचिव भवन योग शोध संस्थान प्रयाग, प्रयागराज उरिष्ठ प्रसाद चौधरी बेसिक शिक्षा विभाग रहे निर्णायक मंडल के सदस्य के सर्वसम्मति से जनपद स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक महिला शिक्षक श्रीमती मन्नो देवी यू0पी0एस0 मलाक सद्दी, विकास खण्ड सिराथू एवं एक पुरुष शिक्षक राजू केसरवानी प्राथमिक विद्यालय पड़रिया सुकुवारा, विकास खण्ड कौशांबी का राज्य योगाभ्यास प्रतियोगिता 2022 हेतु चयनित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले शीर्ष 7 पुरुष शिक्षकों एवम 7 महिला शिक्षक को योग दिवस के अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ देवेश सिंह यादव रहें। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता भारती त्रिपाठी,वरिष्ठ प्रवक्ता सुश्री रिफत मलिक, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव एवम कौशलेंद्र मिश्र नितीश कुमार यादव धीरज कुमार विपिन कुमार सुरेश चंद्र मिश्र, शबीह मुस्तफा,शबनम सिद्दीकी, डॉ0 वन्दना सिंह, डॉ0 अनामिका सिंह सहित अन्य डायट स्टॉफ उपस्थित रहे।

संपादकीय

## भारत के लिए अध्यक्षता में अवसर

**जी- 20 पर** देश में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श के दौरान सर्वदलीय बैठक में सत्ता पक्ष ने दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया है। जी 20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। सर्वदलीय बैठक में यह संदेश दिया गया कि जी 20 की अध्यक्षता देश के लिए गौरव की बात है। विश्व स्तर पर राष्ट्रीय सहमति की अभिव्यक्ति दिखनी चाहिए। इस समय भाजपा सत्ता में है। लेकिन यह विषय किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं है। सर्वदलीय बैठक के माध्यम से सरकार ने यही संदेश दिया है। वैसे इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाना अनिवार्य नहीं था। पिछले अनुभव भी ठीक नहीं थे। कोरोना आपदा प्रबंधन के संबंध में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भी यही देखने को मिला था। अनेक विपक्षी पार्टियों ने इसे सरकार पर हमला बोलने का अवसर मान लिया था। चीन और पाकिस्तान से तनाव सर्जिकल स्ट्राइक आदि के समय भी विपक्षी नेता राष्ट्रीय सहमति से अलग थे। फिर भी जी 20 पर सरकार ने बड़प्पन दिखाया। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कदम-कदम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उन्हें सौ सिर वाला रावण बता चुका हैं। ममता बनर्जी भी इसी अंदाज के हमलों में पीछे नहीं रही है। वस्तुतः विगत आठ वर्षों से अनेक विपक्षी नेता बेचैन हैं। नरेन्द्र मोदी को मिला जनादेश इन्हें कभी हजम नहीं हुआ। सर्वदलीय बैठक में कई नेता तो अपनी आठ वर्षों से चली आ रहीं भड़ास निकालने ही दूर दराज से पहुंचे थे। इनका कहना था कि जी 20 की अध्यक्षता मिलना कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है। यह तो क्रम से मिलती है। इनकी दूसरी आपत्ति यह थी कि लोगो में कमल का फूल है। इन नेताओं को कमल के फूल से नफरत है। शायद उन्हें लगता है कि इसके कारण ही वह सत्ता से दूर हो गए हैं। स्पष्ट है कि सरकार ने तो उदारता दिखाई, लेकिन अनेक विपक्षी नेता अपनी संकीर्णता नहीं छोड़ सके। यह ठीक है कि जी 20 की अध्यक्षता क्रम से मिलती है। लेकिन नरेन्द्र मोदी के कार्य करने का अंदाज अलग है।

## हिंसा से छिन्न-भिन्न होती लोकतांत्रिक परंपराएं

**संजीव**

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है' देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है।

स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं। जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

# फिर विवादों में जेएनयू

**देश** के दिल दिल्ली में बसे ख्यातिलब्ध जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। जेएनयू परिसर की दीवारों पर ब्राह्मणों और बनियों को भारत और विवि छोड़ने के साथ ही रक्तपात और बदला लेने की धमकी वाले नारे लिखे जाने की राष्ट्रव्यापी प्रतिक्रिया हुई है। वैसे ये कोई पहला अवसर नहीं है जब जेएनयू विवाद की वजह से सुर्खियों में है। कुछ लोग इसे गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनाव को प्रभावित करने वाली चाल भी बता रहे हैं। ये आशंका भी है कि विवि पर अपना नियंत्रण खत्म होता देख वामपंथी निम्नस्तरीय हरकतों पर उतर आये हैं। जातिगत वैमनस्य बढाकर संस्थान की शांति भंग करने का मकसद भी इसके पीछे हो सकता है। इससे पहले भी वामपंथी विचारधारा का गढ़ माना जाने वाला यह विश्वविद्यालय कई बार आतंकियों के समर्थन एवं जातिवादी नफरत फैलाने के कारण विवादों में रहा है। इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया उक्त जातियों के लोग तीखा विरोध जता रहे हैं। प्रसिद्ध गीतकार मनोज मुन्तशिर शुक्ला द्वारा ब्राह्मणों के गौरवशाली इतिहास और योगदान पर रचित एक कविता का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। महिषासुर जयन्ती के अलावा हिन्दू देवी-देवताओं के आपत्तिजनक चित्र और टिप्पणियां किये जाने की शरारत अतीत में भी होती रही है। यहां के छात्र और शिक्षक संघ पर लम्बे समय तक वामपंथी प्रभाव रहने से देश और समाजविरोधी गतिविधियां बेरोकटोक चलती रहीं। जून 2022 में जब भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी के बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हिंसा हुई, तो हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद अहमद के घर को स्थानीय प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया। जावेद अहमद की बेटी आफरीन फातिमा श्रछन्‍ की पूर्व छात्र रह चुकी थी। अतः जुलाई 2022 में जेएनयू में इस कार्यवाही के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी की गयी। छात्रसंघ -जेएनयूएसयू के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ स्टॉप टारगेटिंग मुस्लिम्स, स्टॉप बुल्डोजर राज जैसे कई नारे लगाये। यह मामला सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ। 10 अप्रैल 2022 को राम नवमी के अवसर पर अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ और वामपंथ छात्र संगठनों के बीच परिसर में झड़प हो गई। दरअसल, यह विवाद एबीवीपी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी के अवसर पर मेस में मांसाहारी भोजन नहीं बनाने की मांग को लेकर हुआ। एबीवीपी ने एनएसयूआई और वामपंथी छात्रों पर आरोप लगाया कि उन्हें रामनवमी पर पूजा करने से रोका जा रहा है।

एक एबीवीपी कार्यकर्ता ने कहा कि वामपंथी छात्रों और एनएसयूआई के कार्यकताओं ने यूनिवर्सिटी में पूजा के दौरान हंगामा किया। उन्हें रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रमों से समस्या है। इस झड़प पर लगभग 6 लोग घायल हो गए। यह मामला सोशल मीडिया पर बहुत चर्चा में बना रहा। 14 सितंबर 2020 का जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को दिल्ली दंगों को भड़काने के चलते गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, फरवरी 2020 में, पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा हो गयी, जिसके कारण लगभग 53 लोगों की मौत हुई थी। ये वही संस्थान है जहां भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे नारे लगाने का दुस्साहस खुले आम होता रहा। दुःख का विषय ये है कि वैसा करने वालों को समर्थन देने के लिए देश के अनेक राजनीतिक नेता, बुद्धिजीवी और पत्रकार जा पहुंचे। उस दौर के छात्र नेताओं में से एक कन्हैया कुमार सीपीआई के साथ आने के बाद कांग्रेस में चले गये और वर्तमान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के साथ हैं। कश्मीर की आजादी के जो नारे लगाये जाते रहे वे किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन बीते कुछ वर्षों से माहौल थोड़ा बदला है। छात्र और शिक्षक संगठनों में राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रवेश होने के बाद पहले जैसी अराजकता नहीं रही। उच्च पदों पर शिक्षा जगत से जुड़े सुलझे हुए व्यक्तियों की नियुक्ति से परिसर का वातावरण काफी सुधरा है। शहरी नक्सली कहलाने वाले तत्व इससे खीझ उठे हैं जिसके कारण उन्होंने जाति के नाम पर जहर फैलाने का षडयंत्र रचा। वैसे भी देश में इस समय अनेक ऐसे चेहरे उभर रहे हैं जो जाति के नाम पर समाज में संघर्ष के हालात पैदा करने की कोशिश में हैं। वैसे भी पंडित नेहरु के जमाने से ही वामपंथियों ने शिक्षा, कला और संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं में अपनी जड़ें जमा ली थीं। कांग्रेस को ये तबका इसलिए पसंद रहा क्योंकि वह राष्ट्रवादी विचारधारा के विरोध में बौद्धिक स्तर पर मोचेबंदी किया करता था। लेकिन इसकी वजह से उसका अपना जनाधार कमजोर होता गया।

> एक एबीवीपी कार्यकर्ता ने कहा कि वामपंथी छात्रों और एनएसयूआई के कार्यकताओं ने यूनिवर्सिटी में पूजा के दौरान हंगामा किया। उन्हें रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रमों से समस्या है। इस झड़प पर लगभग 6 लोग घायल हो गए। यह मामला सोशल मीडिया पर बहुत चर्चा में बना रहा।

इंदिरा जी जब सत्ता में आईं और उन्हें पार्टी के भीतर वरिष्ट नेताओं का विरोध झेलना पड़ा तब वामपंथी उनकी बैसाखी बन गये जिसकी कीमत भी उन्होंने भरपूर वसूली। जे.एन.यू सरीखे संस्थानों पर कब्जा उसी का परिणाम है।

हालांकि 1975 में आपातकाल लगाये जाने के समय सीपीआई श्रीमती गांधी के साथ खड़ी हुई जबकि सीपीएम ने विरोध का रास्ता पकड़ा किन्तु उसके बाद की राष्ट्रीय राजनीति में वामपंथियों ने आरएसएस और भाजपा के विरोध में कांग्रेस का समर्थन किया। इसी वजह से ममता बैनर्जी ने कांग्रेस छोड़ अपनी अलग पार्टी बना ली। धीरे-धीरे जब वामपंथी राजनीति ढलान पर आने लगी तब शहरी नक्सली वाला रूप धरकर वे देश को अंदर से कमजोर करने में जुट गए। जे.एन.यू में हुई संदर्भित शरारत उसी का हिस्सा है। हालांकि यह षडयंत्र इसलिए नाकामयाब हो गया क्योंकि ब्राहमण और बनिया समुदाय की ओर से सामने आये विरोध में किसी जाति के विरुद्ध कुछ नहीं कहा गया। लेकिन राजनीतिक दलों का इस मामले में मौन अच्छा संकेत नहीं है। दुर्भाग्य से राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने से इनके हौसले मजबूत होते हैं। गौरतलब है कि भारत तेरे टुकड़े होंगे वाली नारेबाजी के बाद कन्हैया और उमर खालिद आदि की गिरफ्तारी हुई तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी विवि परिसर में उक्त छात्र नेताओं को समर्थन देने पहुंचे थे। 7 जनवरी 2020 को सीएए और एनआरसी पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जेएनयू परिसर में 5 जनवरी को हुई हिंसा के विरोध में छात्रों के साथ शामिल हुईं। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को छात्रों के साथ खड़े देखा गया जब प्रदर्शनकारी आपत्तिजनक नारे लगा रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वे और कन्हैया कुमार नित्य प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा को घेरते रहते हैं लेकिन जे.एन.यू की दीवारों पर लिखे समाज को तोड़ने वाले नारों पर उनकी चुप्पी सवाल खड़े करती है। अन्य विपक्षी नेता और असहिष्णुता का हल्ला मचाने वाले लोग भी मुंह खोलने का साहस नहीं कर रहे। संभवतः उनकी सोच वोट बैंक के नफे-नुकसान पर टिकी होगी। लेकिन समाज के व्यापक हितों की दृष्टि से देश की राजधानी में स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा संस्थान में इस तरह की हरकत का राजनीति से ऊपर उठकर विरोध होना जरूरी है।

असल में देशविरोधी ताकतें बौखलाहट में आकर दलित और आदिवासी समुदाय को मुख्य धारा से अलग करने के प्रयास में जुटी हैं। जे.एन.यू की दीवारों पर ब्राह्मण और बनिया विरोधी नारे उसी का हिस्सा है। देश हित के लिए जरूरी है सभी राजनीतिक दल इस षडयंत्र के विरुद्ध आवाज उठायें।

## एसएआई20-ब्लू इकोनॉमी और आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस की दिशा में कदम : गिरीश चंद्र

**जी20** विश्व की प्रमुख विकसित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को जोडने वाला एक बहुपक्षीय रणनीतिक मंच है। भविष्य में विश्व के आर्थिक विकास और समृद्धि को सुरक्षित रखने में जी20 की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ मिलकर जी20 के सदस्य दुनिया की जीडीपी का 80 प्रतिशत से अधिक, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की आबादी के 67 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी20 सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों का एक समूह एसएआई20 कार्य समूह शासन से जुड़ी संस्थाओं को मौजूदा समय में सामने आ रही समस्याओं का बेहतर, तेज और विश्वसनीय तरीके से हल निकालने में समर्थ बनाने के साथ ही नागरिकों को उच्च कोटि का जीवन प्रदान करने के लिए सरकारों को सक्षम बनाने की दिशा में काम करता है। इस कार्य समूह की स्थापना से एक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है जहां एसएआई सकारात्मक और जन-केंद्रित दृढ़ नीतियों के माध्यम से शासन प्रणाली में साझेदार के रूप में बहु-हितधारक संबंधों के जरिए रणनीतियों को सुस्पष्ट और समन्वित करता है और साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही को भी आगे बढ़ाता है। 1 दिसंबर, 2022 को भारत के द्वारा जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ, भारत का सीएजी यानी एसएआई इंडिया एसएआई 20 की अध्यक्षता करेगा। एसएआई इंडिया इस संपर्क समूह के महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में स्वतंत्रता, पारदर्शिता, जवाबदेही, सहयोग और निरंतरता की मान्यता के प्रति समर्पित रहेगा। जी20 में भारत की अध्यक्षता के मार्गदर्शक सिद्धांत यानि वसुधैव कुटुम्बकम, जिसमें पूरे विश्व को 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यइ के रूप में देखा जाता है, के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक प्राथमिकता वाले दो क्षेत्रों ब्लू इकोनॉमी और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जी20 एसएआई के सहयोग का प्रस्ताव रख रहे हैं। ब्लू इकोनॉमी एक ऐसी आर्थिक प्रणाली है जिसमें समुद्री और ताजे पानी के पर्यावरण के संरक्षण, उनके सतत उपयोग को बढ़ावा देने, खाद्य और ऊर्जा का उत्पादन करने, आजीविका में मदद करने और आर्थिक उन्नति और कल्याण में सहायक के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से नीति और परिचालन-संबंधि आयामों की विस्तृत श्रेणी शामिल है। कॉप 26 में भारत के द्वारा प्रस्तुत की गई लाइफ यानि लाइफस्टाइल ऑफ इन्वायरमेंट की अवधारणा को ब्लू इकोनॉमी आगे ले जाती है जो कि समुद्री और मीठे पानी को नया जीवन देने और उसे बनाए रखने के लिए विचारहीन और अनावश्यक खपत की जगह श्सचेत और सुविचारित उपयोगइ की आवश्यकता पर जोर देती है। प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में, यह यूएन 2030 एजेंडा, विशेष रूप से (लेकिन अनन्य रूप में नहीं), लक्ष्य 14 अर्थात जलीय जीवन की उपलब्धिओं पर एसएआई का ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य लेखापरीक्षण नीतियों और कार्यक्रमों पर इस तरह से सहयोग करना है जो ब्लू इकोनॉमी पर प्रभावशाली तरीके और प्रगतिशाली रूप में असर डाले और साथ ही समुदायों, क्षेत्रों के साथ-साथ राष्ट्रों तक फैले मजबूत अंतसंबंधों में और वृद्धि करें। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा अधिकांश वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर है, एसएआई को समाज में अधिक समावेशिता और लोगों के प्रति उनकी तत्काल प्रासंगिकता के हित में अधिक प्रभावी ढंग से अपने निरीक्षण का प्रयोग करने के लिए मजबूर करता है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक सर्वसम्मत और व्यापक रूप से लागू मानकों या दिशा-निर्देशों को तैयार करने का प्रयास करेंगे जो सभी एसएआई को उनके संबंधित अधिदेशों के भीतर नीतियों और कार्यक्रमों के विकास और प्रभावी कार्यान्वयन का मूल्यांकन और मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाएंगे जो एक ओर निरंतरता और दूसरी ओर आर्थिक प्रगति और कल्याण के साथ संतुलन बनाता है। हम एसएआई के साथ-साथ अन्य हितधारक समुदायों के बीच घनिष्ठ सहयोग के लिए अनुसंधान, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के संकलन, टूल-किट या लेखापरीक्षा दिशा-निर्देशों के साथ-साथ संभावित तौर-तरीकों को विकसित करना चाहते हैं। दूसरी प्राथमिकता वाला क्षेत्र यानी जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नागरिकों के जीवन पर असर डालने वाली उस भूमिका के अनुसार है जिसमें छोटे कदम के बड़े असर देखने को मिल रहे हैं, वहीं साथ ही साथ इसकी बदलाव लाने वाली क्षमताओं की सराहना भी की जा रही है। ब्लू इकोनॉमी की तरह, उत्तरदायी एआई से संबंधित समस्याएं सामयिक, बहुआयामी और अन्योन्याश्रित हैं।

चिंताएं वैधता, नैतिकता के साथ-साथ मानव बनाम गैर-मानवीय एजेंसी को लेकर दार्शनिक विकल्पों के मुद्दों पर फैली हुई हैं। गोपनीयता की चिंताओं के अलावा, सिस्टम के लगातार खुद विकसित होने के बीच, आम आदमी में एल्गोरिदम को समझने की योग्यता में कमी के कारण एआई पक्षपात और भेदभाव से जुड़े मुद्दों को भी सामने लाता है।

सरकारों, व्यवसायों और नागरिक समाज संगठनों में जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर जागरूकता पैदा करने को लेकर व्यापक मान्यता और मजबूत सिफारिश की गई है। जून 2019 में व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जी20 मंत्रिस्तरीय वक्तव्य के दौरान, और नवंबर 2021 में यूनेस्को द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नैतिकता पर सिफारिशों के अनुसार, यह स्पष्ट करने की दिशा में एक शुरूआत की गई है कि सभी हितधारकों के बीच विश्वास पर ही एक डिजिटल समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। जबकि एआई के एप्लीकेशन हमारे जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों में शामिल हो रहे हैं, यह एआई के जिम्मेदारी भरे उपयोग को सुनिश्चित करने में सरकारों के साथ-साथ एसएआई दोनों की समझ, विनियमन और लेखापरीक्षा से जुड़ी जटिल चुनौतियों को सामने रख रहा है। एसएआई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे एआई सिस्टम के इस्तेमाल से जुड़े मूल प्रश्नों को हल करने के लिए कारगर क्षमताओं को विकसित करें ताकि प्रभावी निरीक्षण के प्रतिनिधि के रूप में खुद को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जा सके और व्यापक नीति निर्माण और कार्यान्वयन में साक्ष्य आधारित समर्थन प्रदान किया जा सके। अत्यधिक प्रासंगिकता वाले प्राथमिकता के क्षेत्रों को आगे बढ़ाते हुए, एसएआई20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, एक प्रभावशाली और बेजोड़ जी20 अध्यक्षता के लिए जी20 एसएआई के मजबूत, सफ ल और व्यापक रूप से भागीदारी वाले सहयोग का इरादा रखता है।

## डिजिटल युग में शिक्षा का भविष्य

**विजय गर्ग**

**इसमें** कोई संदेह नहीं है, ऑनलाइन क्रांति जोरों पर है और डिजिटल युग का मतलब है कि न केवल हमारे जीवन के अधिक पहलुओं को हर दिन डिजिटल किया जा रहा है, बल्कि यह भी कि हम उन सभी जानकारियों के लिए ऑनलाइन जाने के आदी हो रहे हैं जिनकी हमें जरूरत है। इसका मतलब उन शिक्षकों के लिए है जिनका लक्ष्य डिजिटल ई-लर्निंग युग में शिक्षित करना है, यह है कि हमारे पास बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा है - हमारे पास पहले से कहीं अधिक है। एक पारंपरिक शिक्षा प्रणाली बनाम डिजिटल सीखने की उम्र 'पुराने स्कूल' ईंट और मोर्टार कक्षा की एक पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में, एक छात्र के ध्यान के लिए प्राथमिक प्रतियोगिता उनके पड़ोसी छात्र के साथ सामाजिक जुड़ाव का आकर्षण या स्तर था - और शायद उनकी कल्पना कितनी ज्वलंत हो सकती है। आज, डिजिटल सीखने के युग में, शिक्षकों को दुनिया भर से अन्य ध्यान आकर्षित करने वाली 'चमकदार वस्तुओं' के अंतहीन सरणी के साथ प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता है। इनमें आतंकवादी हमलों, बाढ़, राजनीतिक भूलों की ब्रेकिंग न्यूज से लेकर संभावित आत्मघाती अजनबियों की पसंद और मुस्कुराहट और यहां तक कि दुनिया के सबसे प्यारे पांडा को इतनी खूबसूरती से लुढ़कते हुए देखने की खुशी भी शामिल हो सकती है। इसलिए, एक सार्थक सीखने के अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए एक छात्र के मूल्यवान समय और ध्यान को जीतने के लिए, हमें अपनी संलग्नता रणनीतियों और शैक्षिक प्रथाओं में होशियार बनने की आवश्यकता है। ऑनलाइन शिक्षकों के रूप में, सबसे पहले, हमें इन नए उपकरणों को खोलने और उनमें महारत हासिल करने के लिए तैयार रहना चाहिए, भले ही वे डिजिटल तकनीकों के इस युग में हमारे आराम और समझ के स्तर का परीक्षण करते हों। यह नितांत आवश्यक है, विशेष रूप से हममें से कुछ के लिए जो सावधानी के साथ प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, ताकि हम रचनात्मक और नवीन दृष्टिकोणों के साथ आ सकें कि कैसे हम उन्हें अपने शिक्षण अभ्यासों में निर्बाध रूप से अपना सकते हैं।

ऑनलाइन शिक्षा के भविष्य के लिए डिजिटल युग का क्या मतलब है इसलिए एक बार जब हम किसी व्यक्ति के ध्यान के लिए प्रारंभिक लड़ाई जीत लेते हैं, तो अगली चुनौती उस ध्यान को बनाए रखने और प्रभावी रूप से उन्हें लंबे समय तक जोड़े रखने में सक्षम होती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन क्रांति हमें शिक्षकों और छात्रों के बीच संबंधों में मूलभूत परिवर्तनों के बारे में क्या सिखा रही है।

इससे पहले हमने कभी भी रोजमर्रा के व्यक्ति से जुड़ने के स्थान पर सत्ता के पारंपरिक रूपों की इतनी बड़े पैमाने पर सामूहिक अस्वीकृति नहीं देखी। इसका मतलब यह है कि ज्ञान के धारक के रूप में सम्मानित होने वाले एक अकादमिक की पारंपरिक अवधारणा अधिक से अधिक अप्रासंगिक होती जा रही है। ऑनलाइन शिक्षाविद होने के बजाय जो छात्रों को केवल कुछ ऐसा 'सिखाता' है जो वे नहीं जानते हैं, उन्हें ज्ञान प्रदान करके, हमें कुशल सूत्रधार बनने की आवश्यकता है, जो डिजिटल संसाधनों के माध्यम से लोगों को सीखने की यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल करते हैं। डिजिटल लर्निंग का मतलब जिज्ञासा को बढ़ावा देना, विकास की मानसिकता के विकास का समर्थन करना और आलोचना और विश्लेषण को प्रोत्साहित करना हो सकता है। प्रामाणिक होना इन डिजिटल शिक्षण लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए, यह आवश्यक है कि हम अपने प्रामाणिक स्व हों। ऑनलाइन क्रांति और सोशल मीडिया की लोकप्रियता में वृद्धि ने हमें सिखाया है कि लोग ऑनलाइन दुनिया में प्रामाणिकता और प्रासंगिकता की तलाश कर रहे हैं। हमें अपनी खुद की भेद्यता दिखाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है जब हम कुछ नहीं जानते हों, सामान्य मनुष्यों के रूप में हमारी सापेक्षता जो गलतियाँ भी करते हैं, और, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें अपने विषय को पढ़ाने के लिए अपने जुनून का प्रदर्शन करना चाहिए। डिजिटल युग में शिक्षा शिक्षण और सीखने के लिए एक रोमांचक नई जगह है,और यह हर दिन बढ़ रहा है और विकसित हो रहा है।

## ऐसा मत कर यार

**डॉ. सुरेश कुमार**

दक्षिण के किसी चर्चित फिल्म अभिनेता के निधन पर दो पहुंचे हुए अभिनेता आपस में फोन पर बातचीत कर रहे हैं- हेलो! सुना क्या? साउथ का कोई हीरो मर गया है।

अभी-अभी टीवी पर समाचार देखा। सुनकर बड़ा दुख हुआ। हां-हां मैंने भी देखा। वह तो बड़ा सुपरस्टार था। लोगों में उसकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। होगी भी क्यों न? बंदे ने काम ही ऐसे किए थे। अनाथाश्रम, पाठाालाएँ, गौाालाएँ, मुफ्त भोजन व्यवस्था, जरूरतमंदों की सहायता जो करता था। हमेाा जनसेवा का भूत उसके सिर पर सवार रहता था। यह तो बहुत बुरा हुआ। क्यों न हम भी उसके दुख में ाामिल हो जाएँ। एक कंडोलेंस वाला ट्वीट तो कर ही सकते हैं। वरना दुनिया क्या सोचेगी? अरे! कहीं तू पागल तो नहीं हो गया? ट्वीट करने के चक्कर में कहीं ट्रोल-व्रोल हो गया तो लेने के देने पड़ जाएंगे। ऊपर से बेइज्जती अलग होगी। अरे भाई! तू दो-चार गुटखों के विज्ञापन में है और मैं दो-चार ाराब वाले में। अगर ऐसे में कोई ट्वीट कर देते हैं तो लोग हमारी खूब खिंचाई करेंगे। जनसेवा तो दूर हमने बिना मतलब के आज तक किसी को घांस तक नहीं डाली है। यह सोचकर ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। हां यार! तू सही कहता है। भूल गया क्या लॉकडाउन में ऐसे ही किसी अभिनेता ने हमारी पतलून ढीली कर दी थी। उस पर जनसेवा का ऐसा भूत सवार हुआ कि हमारा घर से निकलना दुवार हो गया था। ऊपर से मीडिया वालों की किच-किच अलग से। सही कहता है तू! सबसे अच्छा चुपचाप बैठो।

# विदेश संदेश

## शी जिनपिंग इस हफ्ते जाएंगे सऊदी अरब!

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। इस दौरान शी सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित चीन-अरब शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले सकते हैं। इस सम्मेलन में 14 अरब राष्ट्राध्यक्षों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।



शी जिनपिंग की दो दिवसीय यात्रा के दौरान इस सम्मेलन का आयोजन होगा। हालांकि सऊदी अरब और चीन की सरकार ने अभी तक शी जिनपिंग की सऊदी अरब यात्रा की पुष्टि नहीं की है। सऊदी सरकार ने शी की यात्रा और शिखर सम्मेलन के बारे में जानकारी के लिए समाचार चैनल सीएनएन के अनुरोध का जवाब देने से इनकार कर दिया।

## तेल कंपनी के कर्मचारियों को ले रही बस में जोरदार धमाका, अब तक पांच की मौत, कई घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में एक तेल कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रहे वाहन में जोरदार धमाका हो गया। इस



धमाके में अब तक पांच लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। उत्तरी बल्ख प्रांत के पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजेरी ने कहा कि आज सुबह करीब 7 बजे बल्ख में एक बस में धमाका हुआ, जो हेयरटन ऑयल के कर्मचारियों की थी।

## तालिबान सरकार को मान्यता देगा यूएई! यूएई के राष्ट्रपति से मिले अफगान रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को संयुक्त अरब अमीरात की सरकार मान्यता दे सकती है। तालिबान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब ने अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान से मुलाकात की है। इससे इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं। मुल्ला याकूब तालिबान के दिवंगत सर्वोच्च नेता मुल्ला उमर का बेटा है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने काबुल में एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने रविवार को हुई बैठक में संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बता दें, पिछले साल अफगानिस्तान से अमेरिकी फौजों की वापसी के बाद देश पर तालिबान का राज हो गया है। हालांकि, तालिबान सरकार को आधिकारिक तौर पर किसी भी देश की सरकार ने मान्यता नहीं दी है। दोनों नेताओं व अन्य इस्लामी नेताओं की मुलाकात अबू धाबी के अल शैती महल में हुई। यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने बताया कि बैठक हुई। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि यूएई के राष्ट्रपति व मुल्ला याकूब ने संबंधों को मजबूत करने, संयुक्त अरब अमीरात और अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय सहयोग और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि, तालिबान सरकार को मान्यता के बारे में यूएई सरकार ने अभी कुछ नहीं कहा है। तालिबान सरकार को सत्ता में आए एक साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, लेकिन पाकिस्तान, चीन, रूस समेत कई देशों ने उससे व्यापारिक रिश्ते बनाने के साथ ही उसकी मदद शुरू कर दी है, लेकिन अधिकृत तौर पर मान्यता से परहेज किया है। भारत मानवीय आधार पर अफगानी लोगों को मदद भेज रहा है।

अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान सत्ता पर काबिज है। इसके बाद से अफगानिस्तान में पूरी तरह से इस्लामी शासन लौट आया है। भले ही सत्ता संभालते ही तालिबान ने महिला अधिकारों और मानवाधिकारों का आश्वासन दिया था, लेकिन यहां आए दिन ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिसमें महिला व मानवाधिकारों का हनन हो रहा है।

## इंडोनेशिया में विवाहेतर व 'लिव इन' संबंध गैरकानूनी, संसद ने किया सजा का प्रावधान

**-विवाहेतर संबंधों में एक साल व 'लिव इन' में छह माह की जेल**

**-गर्भनिरोधन व धार्मिक निंदा भी अपराध, तीन साल तक सजा**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में अब विवाहेतर संबंध बनाना या बिना विवाह किये साथ रहना यानी 'लिव इन' में रहना गैरकानूनी हो गया है। इंडोनेशियाई संसद ने इस बाबत कानून बनाकर ऐसी स्थितियों में सजा का प्रावधान किया है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडोनेशिया की संसद ने अपनी दंड संहिता में एक लंबित और चर्चित संशोधन को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के बाद इंडोनेशिया में एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर (शादी से बाहर जाकर यौन संबंध) रखना या बिना विवाह साथ रहना ('लिव इन रिलेशनशिप') अपराध घोषित कर दिया गया है।



ऐसा करने वालों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। यह नियम इंडोनेशिया में रह रहे नागरिकों या विदेश गए हुए लोगों, दोनों पर समान रूप से लागू होगा। संसद द्वारा पारित नए संशोधन के अनुसार इंडोनेशिया में अब विवाह के बाहर यौन संबंध बनाने पर एक साल की जेल का प्रावधान है। हालांकि, इस मामले में पुलिस पति-पत्नी, माता-पिता या बच्चों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद ही कार्रवाई कर सकेगी।

नए संशोधनों में इंडोनेशिया में 'लिव इन' संबंधों में रहने वालों के लिए छह माह सजा का प्रावधान किया गया है। नए संशोधन में गर्भनिरोधन व धार्मिक निंदा भी अपराध घोषित कर दिया गया है। इसके लिए तीन साल तक सजा हो सकती है। नए कानून में गर्भपात को भी अपराध घोषित किया गया है। सिर्फ चिकित्सकीय परिस्थितियों और दुष्कर्म के मामलों को इससे दूर रखा गया है। हालांकि इन मामलों में भी भ्रूण के 12 सप्ताह से कम उम्र का होने की शर्त रखी गयी है। इंडोनेशिया के कानून व मानवाधिकार मंत्रालय के उपमंत्री एडवर्ड हिराईज ने बताया कि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद इस आपराधिक कोड को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## यूक्रेन की वायु सेना का दावा- रूस की 60 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया

**तेहरान।** यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया है कि उसके वायु रक्षा बलों ने यूक्रेन के खिलाफ अपने नवीनतम बैराज में रूसी सेना की तरफ से दागी गई 70 मिसाइलों में से 60 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया है। यूक्रेनी विदेश मामलों के मंत्री दमित्रो कुलेबा ने सोमवार को दावा किया कि रूस ने यूक्रेन में नागरिक बुनियादी ढांचे पर मिसाइल



हमला किया। कुलेबा ने यूक्रेन के लिए अधिक हथियारों और हथियारों का भी आह्वान किया ताकि चल रहे युद्ध के बीच नागरिकों की जान बचाने में उनकी मदद की जा सके। उन्होंने ट्वीट किया कि रूस ने हमारे महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे पर मिसाइलों का एक और हमला किया है, जिससे लोगों को ठंड के तापमान के बीच बिजली, पानी और हीटिंग से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। यूक्रेन के एक बयान में कहा गया है कि हमले में रूस के लंबी दूरी के बमवर्षक, लड़ाकू जेट और मिसाइलें भी शामिल थीं।

## नासा के 'ओरियन' ने पूरा किया मिशन मून, पृथ्वी पर लौटेगा 11 दिसंबर को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान मून मिशन पूरा करने के बाद पृथ्वी की ओर रवाना हो गया है। ओरियन अंतरिक्ष यान चंद्रमा के करीब से गुजरा और उसने पृथ्वी की ओर लौटने के लिए गुरुत्वाकर्षण सहायता का उपयोग किया। इसी के साथ आर्टेमिस-1 मिशन के लिए वापसी की यात्रा शुरू हो गई है।

बिना चालक दल वाले नासा के ओरियन अंतरिक्ष यान ने अपने निकटतम बिंदु से 80 मील (130 किलोमीटर) से कम की उड़ान भरी। इस दौरान चंद्रमा के पास पहुंचने पर कैप्सूल के साथ संचार 30 मिनट के लिए बाधित भी हुआ। ओरियन कार्यक्रम के डिप्टी मैनेजर डेबी कोर्थ ने कहा अंतरिक्ष यान कैसा प्रदर्शन कर रहा है, इसके बारे में हम इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकते। मगर संचार बहाल होने पर शानदार फुटेज स्क्रीन पर चमकने लगी। कमरे में मौजूद हर शख्स इस फुटेज को देखता ही रह गया।

मिशन का आखिरी दिन था। नासा के मेगा मून रॉकेट एसएलएस ने 16 नवंबर को फ्लोरिडा से उड़ान भरी थी। शुरू से अंत तक ये यात्रा करीब साढ़े 25 दिनों तक चली । ओरियन अंतरिक्ष यान 11 दिसंबर को स्थानीय समयानुसार सुबह 9:40 बजे सैन डिएगो से दूर प्रशांत महासागर में लैंड कर सकता है। यहां इसे अमेरिकी नौसेना के जहाज पर चढ़ाया जाएगा। इससे पहले मिशन के दौरान ओरियन ने चंद्रमा के चारों ओर दूरस्थ रेट्रोग्रेड कक्षा में लगभग छह दिन बिताए। इसका आशय है कि उच्च ऊंचाई और चंद्रमा की दिशा के विपरीत यात्रा करना। एक



सप्ताह पहले ओरियन ने हमारे ग्रह से 280,000 मील (450,000 किलोमीटर) की दूरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आर्टेमिस मिशन मैनेजर माइक सराफिन ने कहा, एक बार जब यह पृथ्वी पर वापस आ जाएगा, तो ओरियन 1.4 मिलियन मील से अधिक की यात्रा कर चुका होगा। उल्लेखनीय है कि नासा 2025 में चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना पर काम कर रहा है।

## कोलंबिया में बारिश का कहर, 270 लोगों की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के उत्तर पश्चिम में स्थित देश कोलंबिया में बारिश कहर बनकर टूट पड़ी है। बारिश के कारण अत्यधिक भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। इस कारण अब तक 270 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। कोलंबिया पिछले चालीस वर्षों में सबसे खराब मौसम के दौर से गुजर रहा है। लगातार बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। हजारों की संख्या में लोग बेघर हो चुके हैं। सड़कें उखड़ जाने के कारण आवाजाही बाधित है। स्कूल, अस्पताल आदि के संचालन में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अलग-अलग घटनाओं में 270 लोगों की मौत हो गयी है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्यापक सहायता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

बचाव व राहत कार्यों के बीच कोलंबिया की एक सड़क भूस्खलन की चपेट में आकर लगभग गुम हो गयी। घटना में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और



बीस लोग अभी भी फंसे हैं। भूस्खलन के कारण एक बस और मोटरसाइकिल सवार फंस गए। बस में दो दर्जन यात्री सवार थे। इसके अलावा मोटरसाइकिल सवारों का भी पता नहीं चल रहा है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जानकारी दी कि अभी तक नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है, जिसमें तीन की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बीस लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## चीन में काम कर चुके अमेरिकी वैज्ञानिक का दावा, मानव निर्मित था कोरोना वायरस

**वाशिंगटन।** चीन के वुहान में काम कर चुके अमेरिकी वैज्ञानिक एड्र्यू हफ ने दावा किया है कि पूरी दुनिया को मौत के मुंह में धकेल देने वाला कोरोना वायरस मानव निर्मित था। इसके बाद पूरी दुनिया में कोरोना वायरस को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के जनक कोरोना वायरस के चीन से फैलने की बात लगातार कही जाती रही है। चीन इससे इनकार करता रहा है और इस मसले पर विश्व स्वास्थ्य संगठन तक को निशाने पर लिया जा चुका है। चीन के वुहान स्थित एक चिकित्सकीय प्रयोगशाला से कोरोना वायरस दुनिया भर में फैला था। अब उसी चिकित्सकीय प्रयोगशाला वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में काम कर चुके एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने चौंकाने




वाला दावा कर दिया है। वहां काम कर चुके महामारी विशेषज्ञ एंड्र्यू हफ ने अपनी नई किताब 'द टुथ अबाउट वुहान' में कोरोना वायरस के मानव निर्मित होने का दावा किया है। एड्र्यू हफ का कहना है कि दो साल पहले वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से ही कोरोना वायरस लीक हुआ था। यह प्रयोगशाला चीन सरकार द्वारा संचालित और वित्त पोषित है। इस खुलासे के बाद पूरी दुनिया में कोरोना के प्रसार के लिए चीन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। कोरोना वायरस के मानव निर्मित होने का दावा करने वाले वैज्ञानिक एड्र्यू हफ इको हेल्थ एलायंस के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने इस घटनाक्रम को अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिकी खुफिया टीम की सबसे बड़ी असफलता करार दिया है।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत ने कहा- आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती, उठाने होंगे कड़े कदम



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती बना हुआ है और केवल आतंकवाद के लिए एक एकीकृत और शून्य-सहिष्णुता का दृष्टिकोण ही इसे पराजित कर सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को प्रोत्साहित, समर्थन और वित्त पोषण करने वालों के खिलाफ मजबूती से कदम उठाने होंगे।

## तानाशाह के देश में तालिबानी सजा, दक्षिण कोरियाई फिल्म देखने वाले दो नाबालिगों को मारी गोली

**प्योंगयांग।** तानाशाह किम जोंग उन के देश उत्तर कोरिया में क्रूरता अपने चरम पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि यहां दक्षिण कोरियाई फिल्म देखने और साझा करने पर दो नाबालिग बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

रेडियो फ्री एशिया के मुताबिक उत्तर कोरिया में पहली बार इस तरह की सजा दी गई है। हालांकि, दिसंबर 2020 में उत्तर कोरियाई सरकार द्वारा एक कानून पारित करवाया गया था जिसके करीब होने का अनुमान है।

**दोनों नाबालिगों को सरेआम मारी गोली**

दोनों नाबालिग अक्तूबर की



शुरुआत में उत्तर कोरिया के रयांगगैंग प्रांत के एक हाई स्कूल में मिले, जो चीन के साथ अपनी सीमा साझा करता है, जहां उन्होंने कई कोरियाई और अमेरिकी नाटक शो देखे, द इंडिपेंडेंट ने कोरियाई मीडिया का हवाला देते हुए बताया। उत्तर कोरियाई सरकार को जैसे ही इस बात की खबर लगी वैसे ही दोनों नाबालिगों को जनता के सामने लाया गया और फिर सरेआम गोली मार दी गई। कोरियाई शासन के अनुसार, किशोरों द्वारा किए गए अपराध बुराई÷ थे और क्षेत्र के निवासियों को निष्पादन को देखने के लिए मजबूर किया गया था।

**दक्षिण कोरिया को एक अमेरिकी कठपुतली मानता है उत्तर कोरिया**

बता दें कि उत्तर कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग-उन ,दक्षिण कोरिया को एक अमेरिकी कठपुतली राज्य के रूप में मानते हैं और सीमा पार करने वाले अपने किसी भी मीडिया के प्रति संवेदनशील हैं। लेकिन कड़े नियंत्रण के बावजूद, ऐसी वस्तुओं की अक्सर देश में यूएसबी ड्राइव या एस डी कार्ड पर तस्करी की जाती है। इन्हें आम तौर पर चीन से सीमा पर लाया जाता है और फिर उत्तरी कोरियाई लोगों के बीच बदल दिया जाता है।

## चार राजनयिकों, एक अमेरिकी सांसद को 'दिवाली- पावर ऑफ वन' अवॉर्ड

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र ने चार राजनयिकों और एक अमेरिकी सांसद को 'दिवाली- पावर ऑफ वन' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। ये सम्मान शांतिपूर्ण और सुरक्षित विश्व की खातिर काम करने के लिए हर साल दिया जाता है।

कूटनीति के ऑस्कर के रूप में प्रतिष्ठित यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र के पूर्व स्थायी प्रतिनिधियों या संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के पूर्व उच्च-स्तरीय सदस्यों या जल्द सेवानिवृत्त होने वाले उच्च स्तरीय सदस्य को दिया जाता है। यह निस्वार्थ भाव से सभी के लिए शांतिपूर्ण और सुरक्षित दुनिया बनाने के प्रयासों के लिए दिया जाता है। सम्मानित राजनयिकों में यूएन में जॉर्जिया के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि और कनाडा के वर्तमान राजदूत काहा इम्नाडज और संयुक्त राष्ट्र में ग्रेनेडा के पूर्व



स्थायी प्रतिनिधि कीशा मैकगायर भी शामिल थे। अन्य तीन सम्मानित लोगों में पूर्व अंतरिम रक्षा मंत्री व संयुक्त राष्ट्र में बुल्गारिया के स्थायी प्रतिनिधि और अमेरिका में वर्तमान राजदूत जॉर्जी वेलिकोव पानायोटोव, संयुक्त राष्ट्र में बेनिन के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि और अब अमेरिका में राजदूत जीन-क्लाउड डो रेगो और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति की पूर्व अध्यक्ष एलियट लांस एंगेल शामिल हैं।

इन अवॉर्ड की स्थापना दिवाली फाउंडेशन यूएसए ने 2017 में की थी। 'दिवाली स्टैम्प पावर ऑफ वन अवॉर्ड्स'के साथ संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में एंगेल को 2022 के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर यूएन में पदस्थ दूतों ने रोशनी के भारतीय त्योहार दिवाली के महत्व और बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को लेकर अपनी बात कही। अवॉर्ड वितरण समारोह में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि और दिसंबर महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष रुचिरा कंबोज ने कहा कि दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत और भगवान राम की अयोध्या वापसी का प्रतीक है।

कंबोज ने कहा कि यह न केवल जश्न मनाने का समय है, बल्कि सबसे ऊपर उन शाश्वत मूल्यों का उत्सव मनाने का भी है, जो यहां संयुक्त राष्ट्र में हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों- भलाई, देखभाल और करुणा के लिए भी मौजूं है।

## विश्व बैंक ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को राहत देने वाली खबर है। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है। इससे पहले विश्व बैंक ने 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान जताया था। विश्व बैंक ने मंगलवार को भारत से संबंधित जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका, यूरो क्षेत्र और चीन के घटनाक्रमों का असर भारत पर भी देखने को मिल




रहा है। विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.9 फीसदी की दर से बढ़ेगी। हालांकि, वित्त वर्ष 2021-22 के 8.7 फीसदी की वृद्धि दर के मुकाबले ये बड़ी गिरावट है। भारत से संबंधित अपनी ताजा रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा कि इसके बावजूद सरकार चालू वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लेगी। विश्व बैंक का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में महंगाई दर 7.1 फीसदी पर रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 फीसदी रही है। इससे पहले स्विट्जरलैंड की ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस इंडिया ने भी चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। हालांकि, फिच रेटिंग्स ने 7 फीसदी विकास दर का अनुमान जताया है। आरबीआई ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 फीसदी विकास दर का अनुमान रखा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।